चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 4, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 16
सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयार्क 15

# मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

## उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच, 1 माह में दें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

**अमृत विचारः** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। वहीं गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही और नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही।



पोस्टमार्टम के बाद मुख्तार के शव को लेकर बांदा के अस्पताल से गाजीपुर रवाना हुई एम्बुलेंस। ● एजेंसी

### पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, शव गाजीपुर रवाना



**बांदा।** प्रशासन ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षा के बीच मुख्तार के शव को उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर के लिए रवाना कर दिया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। सूत्रों की मानें तो मुख्तार का शव देर रात गाजीपुर पहुंचेगा, जहां शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। बाद में प्रशासन ने शव को रवाना कर दिया। साथ में मुख्तार का बेटा उमर और उनकी पत्नी सहित कुछ अन्य परिजन शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

### उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।

### अब्बास को राहत नहीं, पत्नी भी फरार



मुख्तार के जनाजे में शामिल होने के लिए अंसारी परिवार ने कासगंज जेल में बंद विधायक के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष होनी थी, लेकिन उक्त न्यायमूर्ति की कोर्ट न बैठने से न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ को ट्रांसफर हुआ, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सुनवाई नहीं हो सकी। फिलहाल उनके तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाने की बात आ रही है। मुख्तार को सुपुर्द खाक किए जाने के समय उनकी पत्नी अफसा बेगम आएगी या नहीं इस पर संशय है। मुख्तार की पत्नी लंबे अरसे से फरार है। उन पर 50 हजार का इनाम है। मुख्तार के शव को उनके पिता सुभानुल्लाह अंसारी के कब्र के पीछे दफनाया जायेगा। उनके आवास और कब्रिस्तान में पुलिस तैनात है।

# राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल

**अमृत विचारः** प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।

## एक नजर

### रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

**अयोध्या कार्यालय।** रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव को घर बैठे भी देख सकते हैं। जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस तैयारी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य मंदिर में किया जाएगा। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे रामलला के प्राकट्य पर विशेष आरती भी होगी।

### आयोग ने एग्जिट पोल दिखाने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर 19 अप्रैल की सुबह सात बजे से एक जून की शाम साढ़े छह बजे के बीच एग्जिट पोल आयोजित करने, इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है। इसी अवधि में लोकसभा के अलावा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग चरण में होंगे। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जनमत सर्वेक्षण या किसी अन्य चुनावी सर्वेक्षण के परिणामों सहित ऐसी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करना प्रतिबंधित होगा। लोकसभा चुनावों के अलावा आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम की विधानसभाओं के चुनाव भी होंगे। इसी अवधि में 12 राज्यों की 25 विधानसभा सीटों पर अलग से उपचुनाव भी होंगे।

# कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किए आदेश

**अमृत विचार :** विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार किये जायेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश जारी किये हैं।

वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ ही मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समस्त विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है, इसके लिए अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

# शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल को ईडी का नया समन

**खिचड़ी घोटाला**

**मुंबई।** ईडी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल कीर्तिकर को 'खिचड़ी घोटाले' में कथित संलिप्तता की जांच के लिए नया समन जारी किया। कीर्तिकर को मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के लिए एसएएस (यूबीटी) ने उम्मीदवार बनाया था। ईडी ने खिचड़ी घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच के लिए आठ अप्रैल को बुलाया है, जिसकी शुरुआत में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच की थी। कीर्तिकर को ईडी ने जांच के लिए तलब किया था।

# कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला : महासचिव जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

### भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53 .9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181 .99 करोड़, 2017-18 के लिए 178 .73 करोड़, 2018-19 के लिए 918 .45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490 .01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

# सत्येंद्र जैन की होगी सीबीआई जांच

### जबरन वसूली मामला

नई दिल्ली, एजेंसी



- ठग सुकेश को जेल में संरक्षण देने के एवज में 10 करोड़ वसूलने का आरोप

गृह मंत्रालय ने भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत एक मामले में दिल्ली के पूर्व कारागार मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जैन धन शोधन के मामले में जेल में हैं। उन पर ठग सुकेश चंद्रशेखर को जेल में संरक्षण मुहैया करने के एवज में उससे 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप है।

जैन के अलावा, तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक संदीप गोयल और कुछ अन्य कर्मचारियों पर दिल्ली की जेलों में बंद हाई-प्रोफाइल कैदियों से जबरन वसूली का आरोप है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया, 'भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति अब इस निचले स्तर पर पहुंच गई है कि एक कुख्यात ठग की बात पर विश्वास किया जा रहा और उसके दावों को उस व्यक्ति के खिलाफ सत्य के रूप में स्वीकार किया जा रहा है, जिसने दुनिया भर में मशहूर दिल्ली के 'मोहल्ला क्लिनिक' की अवधारणा दी।' जैन मई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी से पहले, दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे थे।

### आप की रैली में 'इंडिया' गठबंधन होगा शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेता रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आप की महारैली में शामिल होंगे। आप नेता गोपाल राय ने शुक्रवार बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रविवार को रामलीला मैदान में 20,000 लोगों की मौजूदगी वाली रैली के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

# भाकपा को आयकर विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को पिछले कुछ वर्षों के दौरान रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल के लिए 11 करोड़ रुपये के बकाए के भुगतान को लेकर आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वामदल आयकर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाया में पार्टी द्वारा पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल में विसंगतियों के लिए अधिकारियों को देय जुर्माना और ब्याज शामिल है। भाकपा के एक नेता ने कहा, हम कानूनी सहायता ले रहे हैं और अपने वकीलों से परामर्श कर रहे हैं।

# पूर्व आईएएस समेत 5 पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। डेरा सेवक ने श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, बाबा अनूप सिंह और तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्या कर दी थी। दोनों बाइक से बाबा के पास पहुंचे और पीछे बैठे शूटर ने दो गोलियां मार दी। आवाज सुनकर कार सेवक आया तो शूटर ने उन पर भी फायर किया। वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई। बाबा की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान हो गई है। कारसेवक जसवीर के दर्ज कराए मुकदमे के मुताबिक ने बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया।



### डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड

- श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद

### आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

**रुद्रपुर।** हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

# पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी

**अमृत विचारः** गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।

# लोकसभा के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

### रिपोर्ट से खुलासा

- 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार 514 लोकसभा सदस्यों में 225 ने अपने चुनावी हलफनामों में की है आपराधिक मामले होने की घोषणा
- 29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल
- राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी सांसदों की अच्छी-खासी संख्या
- राज्यवार मामलों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसदों पर आरोप

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है।रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है।

### सर्वाधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन सांसद

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।



## रमजान मुबारक

**30 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 35 मिनट
शिया- 6 बजकर 42 मिनट

**31 मार्च सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 29 मिनट
शिया- 4 बजकर 35 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।




## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ भाकियू भानू का आबकारी विभाग के खिलाफ मिलक विचोला हाईवे पर प्रदर्शन दोपहर 12:15 बजे।

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शनिदेव महाराज की पूजा-अर्चना सायं 5:30 बजे।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें कार्यकर्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** अपना दल एस की बैठक शरीफ जमील के आवास पर हुई। इसमें जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह संधू ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एनडीए प्रत्याशी को जिताने के लिए जुट जाएं। इस अवसर पर समी अहमद मंसूरी, सुरेश सिंह चौहान, चौधरी महेंद्र सिंह, इरफान, रागिब हुसैन आदि मौजूद रहे।

### शराब और बीयर के साथ दो आरोपी पकड़े

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस ने क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी कृपाल सिंह को देशी शराब के 20 पव्वे के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा क्षेत्र के गांव मानपुर-उत्तरी निवासी मोहम्मद गुलवेज को 24 बीयर के साथ मानपुर तिराहे से पकड़ा है।

# युवक की हत्या में चार दोषियों को 10 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ पटवाई थाना क्षेत्र के गांव ठाकुरद्वारा का मामला

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते युवक की हत्या करने के मामले में जिला जज की कोर्ट ने चार दोषियों को दस-दस वर्ष की कैद और 10 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।



पटवाई थाना क्षेत्र के गांव ठाकुरद्वारा निवासी संजू का कहना है कि तीन फरवरी 2014 को दावत खाकर शाम को लगभग साढ़े आठ बजे अपने भाई राजू, विजेंद्र एवं मुनेश के साथ पंजाब नगर होते हुए रामपुर की तरफ आ रहे थे। राजू और विजेंद्र कुछ आगे चल रहे थे। जैसे ही वह लोग पसियापुरे के पास पहुंचे तो सामने से अचानक एक कार आकर रुकी। प्रेमपाल, वीरेंद्र, तालेवर और शीशपाल ने कार से उतरकर उनके भाई को रोककर डंडा और स्टिक से मारना शुरू कर दिया। इसमें राजू और विजेंद्र घायल हो गए थे। इस बीच संजू भी वहां पहुंच गया। भाइयों को पीटता देख उसके शोर मचाने पर आसपास लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर घायलों को मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। इस बीच राजू की मौत हो गई। बाद में चारों के खिलाफ तहरीर दी। इसके आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। शुक्रवार को चारों आरोपियों को अदालत ने दस-दस वर्ष की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रेमपाल, वीरेंद्र, तालेवर व शीशपाल को दस-दस वर्ष की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

## किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में उम्र कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एडीजे छह की कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास और 23,000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। गांव निवासी ग्रामीण का कहना था कि तीन सितंबर 2018 को उसकी 16 साल की बेटी घर में अकेली थी। तभी मंगोली गांव निवासी कमलवीर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए थे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। उसके बयानों के आधार पर मामले में धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई थी। एडीजीसी ओमप्रकाश लोधी ने बताया कि इस मामले में दोषी कमलवीर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 23,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### 24 घंटे जगमग रहने वाले मिल परिसर में छाई वीरानी, ढाई हजार मजदूर हुए थे बेरोजगार

# रजा टैक्सटाइल्स के बारे में बोलने से कतरा रहे माननीय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा टैक्सटाइल्स के बारे में कुछ भी बोलने से माननीय कतरा रहे हैं। जबकि, रजा टैक्सटाइल्स बंद होने से मजदूर भुखमरी की कगार पर पहुंच गए। 24 घंटे जगमग रहने वाले मिल परिसर में वीरानी छाई है। यह प्रसिद्ध कपड़ा मिल 1991 में बंद हुई थी। इससे एक झटके में 2500 मजदूर बरोजगार हो गए थे। इसके बाद मजदूरों ने अपने बकाया दिलाने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की। इंसाफ नहीं मिलने पर मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इसके बावजूद मजदूरों को उनके बकाया नहीं मिल सके हैं।

खास बात यह है कि 1991 से 2024 तक लोकसभा और विधानसभा के कई चुनाव लड़े गए। इन दिनों भी लोकसभा चुनाव पूरे जोरशोर से लड़ा जा रहा है। लेकिन किसी भी नेता के मुंह से रजा टैक्सटाइल्स के मजदूरों के हित में दो शब्द नहीं निकल रहे हैं। जबकि, देश में डबल इंजन की सरकार है। सरकार चाहे तो रजा टैक्सटाइल्स की अरबों रुपये की जमीन पर नई फैक्ट्री का निर्माण करा सकती है। इससे एक बार फिर रामपुर में खुशहाली आ जाएगी।



कभी ऐसी थी रामपुर स्थित रजा टैक्सटाइल्स।

रजा टैक्सटाइल्स में तीन शिफ्टों में काम होता था। इसमें करीब ढाई हजार मजदूर काम करते थे। मिल बंद होते ही सभी मजदूर बेरोजगार हो गए। उनके आवासों पर बाहरी लोगों ने कब्जा कर लिया। हालांकि, समय-समय पर प्रशासन और शासकीय समापक की टीमों द्वारा आवासों पर हुए अवैध कब्जों को हटवाया जाता है।

### रजा टैक्सटाइल्स बंद होने से हाकी को पहुंचा नुकसान

रजा टैक्सटाइल्स बंद होने से रामपुर की हाकी को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके बाद रामपुर की हाकी गर्त में धंसती चली गई। इंटरनेशनल हाकी खिलाड़ी इकबाल आगा बताते हैं कि रामपुर में 52 फैक्ट्रियां थीं। अधिकतर फैक्ट्रियों की हाकी टीमें थीं। रामपुर में होने वाली हाकी प्रतियोगिताओं में यह टीमें प्रतिभाग करती थीं। रजा टैक्सटाइल्स की टीम देश में होने वाले बड़े से बड़े टूर्नामेंट में अवश्य प्रतिभाग करती थी।

### नवाब रजा अली खां के दौर में आई औद्योगिक क्रांति

रामपुर स्टेट के आखिरी नवाब रजा अली खां के दौर में औद्योगिक क्रांति आई थी। इस दौरान रामपुर में 33 फैक्ट्रियां लगीं। इनमें 1936 में लगीं। रजा शुगर मिल और रजा बुलंद शुगर मिल लगी। 1938 में रजा टैक्सटाइल्स की स्थापना हुई। रामपुर डिस्टलरी, मक्का मिल, सीमेंट फैक्ट्री प्रमुख हैं। तमाम फैक्ट्रियां राजनीति के चलते बंद होती गईं। अलबत्ता, रामपुर डिस्टलरी मौजूद है।

> नवाब रजा अली खान ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रीयल बोर्ड बनाया। 11 जुलाई 1932 को इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया की रामपुर में स्थापना हुई। रियासत ने बैंक को इमारत और बिजली मुफ्त में दी। इसके साथ ही तीन लाख रुपये 16 वर्ष के लिए केवल मात्र एक फीसद ब्याज पर फिक्स डिपॉजिट किए। 1938 में यहां रजा टैक्सटाइल की स्थापना की गई। इसके बाद रामपुर में कारखानों की होड़ लग गई और कानपुर के बाद यूपी का सबसे बड़ा उद्योग केंद्र बन गया। **-नफीस सिद्दीकी, प्रसिद्ध इतिहासकार**

# 35,416 युवा करेंगे पहली बार मतदान

### पांच विधानसभाओं में हैं 17,25,944 वोटर, शहर विधानसभा में हैं सर्वाधिक मतदाता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में इस बार 35, 416 युवा पहली बार मतदान करेंगे। मतदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरुकता रैलियां निकालकर बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की जा रही है।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि करीब आती जा रही है। चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी जुटे हुए हैं। इसके अलावा मतदेय स्थलों और मतदान केंद्रों पर कमियों को दूर कराने की हिदायत भी दे रहे हैं। जनपद की पांच विधान सभाओं में 17,25,944 वोटर हैं। इनमें 9.13 लाख पुरूष और 8.13 लाख महिलाएं शामिल हैं। शहरी विधानसभा में सबसे अधिक 3,89,858 मतदाता हैं। जबकि दूसरे नंबर पर मिलक विधानसभा है। यहां 3,61,141 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर बिलासपुर विधानसभा है। यहां 3,51,987 मतदाता हैं। स्वार और चमरौआ विधानसभा में छह लाख से अधिक वोटर हैं। कुल मिलाकर करीब 17 लाख वोटर 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सांसद चुनने के लिए युवा पीढ़ी की अहम भूमिका है।



लोकसभा चुनाव के लिए तैयार ईवीएम।

### पहचान पत्र नहीं होने पर भी डाल सकेंगे वोट

यदि मतदान के समय मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वैकल्पिक पहचान पत्रों के आधार पर अपना मत डाल सकते हैं। चुनाव आयोग ने इसके लिए विकल्प जारी किए हैं। मतदाता स्वास्थ्य बीमा, स्मार्ट कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट फोटो युक्त, पेंशन, दस्तावेज के जरिए भी वोट डाल सकेंगे।

> ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग की ओर से इस संबंध में विकल्प जारी कर दिए हैं। इन विकल्पों के जरिए मतदान किया जा सकेगा। **-हेम सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

### विधानसभा वार युवा मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | मतदाता |
|---|---|
| मिलक | 8957 |
| स्वार | 7707 |
| शहर | 6917 |
| बिलासपुर | 6074 |
| चमरौआ | 5761 |

## एसडीएम ने कई गांवों के बूथों का किया निरीक्षण

**मिलक, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का ऐलान के बाद जनपद में होने वाले प्रथम चरण में मतदान के लिए अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत एसडीएम राजेश कुमार ने क्षेत्र के गांवों में बने बूथों का निरीक्षण किया।

चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए अधिकारी लगातार बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। बूथों पर मिलने वाली असुविधाओं की जानकारी ले रहे हैं। संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर प्रशासन की पैनी नजर है। अधिकारी ऐसे बूथों का ग्रामीणों से फीडबैक ले रहे हैं। शुक्रवार को भी एसडीएम ने मिलक क्षेत्र के कई गांवों में बूथों का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम।



शाहबाद में बूथों का निरीक्षण करते तहसीलदार शिवकुमार शर्मा। ● अमृत विचार

# तहसीलदार ने लिया बूथों का जायजा, दिए निर्देश

संवाददाता, शाहबाद

▸▸ मतदान से पूर्व उपलब्ध कराएं सभी सुविधाएं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न बूथों का भौतिक सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने तहसील क्षेत्र के गांव शेखुपुरा एवं मोतीपुरा में मतदान स्थलों व बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बूथों पर बिजली, भवन, पानी, शौचालय और रैम्प की सुविधा की स्थिति का जायजा लिया। जिन बूथों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है उन पर मतदान के पूर्व सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधीनस्थों को पोलिंग बूथों एवं बूथों के रास्ते पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।



जनसेवा केंद्रों की जांच करते तहसीलदार व लेखपाल। ● अमृत विचार

# जन सेवा केन्द्रों पर की छापेमारी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में फर्जी मतदान पर रोक लगाने के लिए प्रशासन अभी से सतर्क हो गया है। इसके तहत शुक्रवार को अधिकारियों ने जनसेवा केंद्रों पर छापेमारी की।

इस दौरान उनके अभिलेख चेक किए और हिदायत दी कि फर्जी आईडी किसी भी हाल में तैयार नहीं होने पाए। निष्पक्ष मतदान के दौरान सबसे बड़ी चुनौती फर्जी वोटों को रोकना है। अधिकतर फर्जी मतदान फर्जी आईडी के सहारे होता है। शुक्रवार को एसडीएम सुनील कुमार प्रथम ने जनेसवा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि सभी जनसेवा केंद्रों के अभिलेख चेक किए गए। इसके साथ ही उन्हें हिदायत भी दी गई। इस दौरान तहसीलदार शिवकुमार शर्मा एवं हलका लेखपाल राजकुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

## संघ की समस्याओं की अनदेखा कर रही पालिका

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष बाबू लाल कौशल ने कहा कि पालिका प्रशासन सेवानिवृत्त सफाईकर्मियों के भुगतान का सिर्फ आश्वासन दे रहा है। कर्मचारियों के भुगतान के लिए बिल तैयार हो गए हैं। इसके बाद संघ की समस्याओं की प्रशासन अनदेखा कर रहा है।

मोहल्ला झंडा स्थित वाल्मीकि बस्ती में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक हुई। संघ के संरक्षक विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि ठेकाकर्मियों को 2022 से बढ़े हुए मानदेय के अनुसार भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं को लेकर संघ के पदाधिकारी अधिशासी अधिकारी से मिलेंगे। बैठक में संजय समर्पित, प्रमोद कुमार, राज राजेश, अंकित बाबा, विमला देवी ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता विपिन कुमार गुप्ता ने की।

# प्रशिक्षण में 28 पीठासीन, 25 मतदान अधिकारी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर तृतीय पाली में 189 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 40 जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 28 पीठासीन अधिकारी, 25 मतदान अधिकारी, छह माइक्रो आब्जर्वर, पांच सेक्टर एवं पांच जोनल मजिस्ट्रेट अनुपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल और प्रेक्षक ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को दयावती मोदी एकेडमी में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 1122 मतदान कार्मिकों को 22 प्रशिक्षकों तथा 44 मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया। सामान्य प्रेक्षक सचिन धानिया ने प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक कार्मिक अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए निष्पक्ष, स्वतंत्र, शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण मतदान करने में योगदान दे।



प्रशिक्षण का निरीक्षण करते प्रेक्षक और सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल।

▸▸ छह माइक्रो आब्जर्वर ने भी किया प्रशिक्षण से किनारा

▸▸ 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 5 जोनल मजिस्ट्रेट भी रहे गैर हाजिर

कहीं भी लापरवाही न बरती जाए। दूसरी पाली में 204 माइक्रो आब्जर्वर, दिव्यांग बूथ के कार्मिकों एवं 85 वर्ष से ऊपर की आयु के मतदाताओं को उनके घर पर ही मतदान कराने के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। तीसरी पाली में 189 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 40 जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण डा. नंदकिशोर कलाल ने निर्देश दिए कि अनुपस्थिति कार्मिक 30 मार्च को होने वाले प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। अन्यथा उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में सहायक प्रभारी अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, सह जिला विद्यालय निरीक्षक हरिनाथ यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार और जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

**दिक्कत** लखनऊ और दिल्ली की ट्रेनों में चल रही सबसे ज्यादा मारामारी

# ट्रेनों में ईद से पहले कराए रिजर्वेशन, अब चल रही वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली के बाद अब ईद का त्योहार आने वाला है। ऐसे में स्कूलों के अवकाश होने कारण बच्चे अपने परिवार के साथ घूमने जाते हैं। इसके चलते दिल्ली और लखनऊ जाने वाली ट्रेनों में सीटें फुल हो जाने के कारण अब वेटिग चल रही है। हालांकि होली के अवकाश खत्म होने के बाद लोग अब काम पर लौट रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 24 और 25 मार्च को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया था। इसमें काफी लोगों ने पहले से ही सुपर फास्ट ट्रेनों में रिजर्वेशन करा लिया था। ताकि होली का त्योहार परिजनों के साथ मना सके। कई माह पहले ही ट्रेनों में सीटें बुक करा दी थीं। होली का पर्व बीतने के बाद लोग वापस अपने काम पर पहुंचने लगे हैं। इसकी वजह से ट्रेनों में सीटें फुल चल रही थीं। अब माना जा रहा है कि 11 से 13 तक ईद का त्योहार होने के कारण बच्चे अपने परिजनों के साथ घूमने के लिए दिल्ली या लखनऊ जाते हैं। इसके चलते लोगों ने अभी से ही ट्रेनों में सीटें बुक करा दी हैं। इन तीन दिनों में किसी भी हाल में सीट खाली नहीं बची हैं। दिल्ली और लखनऊ की ट्रेनों में 50 से लेकर 80 तक वेटिंग चल रही है। इसके बाद भी लोग इस उम्मीद में बुकिंग करा रहे हैं कि शायद उनकी सीट कंफर्म हो जाए। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि सभी ट्रेनों में वेटिंग चल रही है।




रामपुर रेलवे रेलवे स्टेशन।

### गर्मी का अवकाश होते ही फिर बढ़ेगी ट्रेनों में भीड़

मई में सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद हो जाएंगे। ऐसे में बच्चे अपने परिजनों के साथ छुट्टियां बिताने के लिए जयपुर, शिमला, मनाली जाते हैं। इसके चलते कुछ दिनों के बाद फिर से ट्रेनों में रिजर्वेशन कराना लोग शुरू कर देंगे। हालांकि अभी तो होली और ईद को लेकर ट्रेनों में सीट फुल हैं। एक माह के बाद स्कूलों के अवकाश शुरू हो जाएंगे।

### एसी से लेकर स्लीपर श्रेणी में वेटिंग, तब भी हो रही बुकिंग

लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों की स्लीपर श्रेणी में वेटिंग 100 के पार पहुंच गई है। इसके बाद भी इन ट्रेनों में धड़ल्ले से बुकिंग हो रही है। इसके अलावा एसी डिब्बों में भी धड़ल्ले से लोग वेटिंग में ही बुकिंग करा रहे हैं। दिल्ली की ओर जाने वाली संपर्क क्रांति, आला हजरत एक्सप्रेस के अलावा अन्य कई ट्रनों में काफी दिन पहले से ही बुकिंग हो रही।

## पांच लाख रुपये के लिए महिला को घर से निकाला

**रामपुर, अमृत विचार :** कारोबार के लिए पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट करके घर से निकाल दिया। मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता ने देवरों पर छेड़खानी का आरोप भी लगाया है।

गंज थाना क्षेत्र एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि 11 मई 2022 को उसकी शादी ऊधम सिंह नगर निवासी शेखर प्रजापति से हुई थी। कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने कारोबार के लिए पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। पति की गैरमौजूदगी में दोनों देवर छेड़खानी करते थे। 15 नवंबर 2023 को ससुरालियों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति शेखर, देवर गिरीश, गोलू, ससुर गोवर्धन, सास मायादेवी और ममिया ससुर सुम्मेरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# भयमुक्त मतदान के लिए फ्लैग मार्च निकाला

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान व नामांकन प्रकिया पूरी होते ही पुलिस भी निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर सक्रिय हो गई है। इसी के तहत पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ संवदेनशील गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान बेखौफ होकर मतदान करने की अपील की गयी। संभ्रांत लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करने की अपील भी की गई।

शुक्रवार को पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ एक दर्जन से अधिक संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों वाले गांवों में फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान मतदाताओं से निर्भीक एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। कहा कि किसी प्रकार के भय, दबाव या प्रभाव के बिना बढ़-चढ़कर मतदान करें। सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों में फ्लैग मार्च निकाला है। मतदाताओं को निडर एवं भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया है।



भोट में अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करने की अपील

## एक नजर

### युवती पर फब्तियां कसने में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** युवती पर फब्तियां कसने की शिकायत से क्षुब्ध युवक के परिजनों ने उसके परिजनों पर हमला कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि गांव का ही मुजेब खां उसकी पुत्री को देखकर अश्लील फब्तियां कसने लगा। पुत्री ने घर आकर घटना के बार में बताया। इस पर वह शिकायत करने आरोपी के घर गई। आरोपी व उसके परिवारजनों ने शिकायत से क्षुब्ध होकर महिला पर हमला कर दिया। उसके जेठ का लड़का बचाने आया तो उस पर भी हमला किया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### देशी शराब व बीयर के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापामारी करके बिक्री के लिए ले जाई जा रही देशी शराब एवं किंगफिशर की 24 बीयर के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार सुबह कोतवाल संदीप त्यागी को मुखबिर ने सूचना दी कि अलग-अलग जगहों पर देशी शराब व बीयर की बिक्री की जा रही है। इस पर कोतवाल ने पुलिस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने गांव मानपुर निवासी गुलवेज से 24 किंगफिशर बीयर, गांव अलीनगर निवासी सुनील से 20 पव्वा देशी शराब, नगर के मोहल्ला अगलगा निवासी ताहिर से 16 पव्वे देशी शराब, मोहल्ला रसूलपुर निवासी इमरान से 16 पव्वे देशी शराब एवं आरिफ से 30 पव्वे देशी शराब बरामद की। पुलिस ने पांचों आरोपियों का चालान कर दिया है।

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**सैफनी, अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली की क्षेत्र के बलूपुरा गांव की पुलिया के पास एक युवक तमंचे के साथ खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस मिले। पकड़ा गया युवक थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी महफूज है। उसका चालान कर दिया गया है।

# गृह कलह में पत्नी की गला घोंटकर हत्या

## पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम, पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, तलाश जारी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** गृह कलह में पति ने दुपट्टे से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे महिला के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ ने घटनास्थल का दौरा कर कोतवाल को दिशा-निर्देश दिए हैं।

कोतवाली के थाना मिलकखानम के गांव नानकार रैन निवासी चरणजीत कौर की शादी लगभग 20 वर्ष पूर्व भगवंतनगर निवासी अमरीक सिंह शेरा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी की अनबन रहने लगी। इस दौरान उनके एक बेटा और दो बेटी हुईं, लेकिन दोनों में क्लेश बढ़ता ही चला गया। परिजनों एवं रिश्तेदारों ने भी पति-पत्नी को काफी समझाया, लेकिन बात नहीं बनी। गुरुवार की रात किसी समय पति ने 45 वर्षीया पत्नी चरणजीत कौर की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। सूचना पर परिजन पहुंच गए और हंगामा करने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंचे कोतवाल संदीप त्यागी ने मृतका के परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव व सीओ संगम कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कोतवाल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मृतका के भाई सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने पति अमरीक सिंह शेरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



अस्पताल में खड़े मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

### आए दिन होती थी दंपती के बीच अनबन

मृतका के परिजनों का कहना है कि आए दिन किसी न किसी बात को लेकर दंपती में अनबन रहती थी। आसपास के लोग मामले को शांत करा देते थे। लेकिन इसके बाद भी उनके बीच संबंध सुधर नहीं रहे थे। लोगों का कहना है कि आखिरकार पति ने गुरुवार की रात गला घोंटकर पत्नी हत्या कर दी।

### कहीं अवैध संबंधों के चलते तो नहीं की पत्नी की हत्या

पत्नी की हत्या करने के मामले मे रिश्तेदारों ने आरोपी पर अवैध संबंधों का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि अमरीक सिंह शेरा के एक महिला से अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में आये दिन झगड़ा होता था। अमरीक सिंह उसके साथ मारपीट करता थ। अवैध संबंधों के चलते उसने पत्नी की हत्या कर दी। ग्रामीणों के बीच इसकी जोरदार चर्चा है। वहीं महिला का 16 वर्षीय बेटा संदीप, 13 वर्षीया बेटी कोमल व 11 वर्षीया बेटी गगन दीप पढ़ाई कर रहे हैं।

> महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> – संदीप त्यागी, कोतवाल

# पूर्व ग्राम प्रधान से मांगी 10 लाख रुपये की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ पीड़ित ने एसपी से की आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव चमरपुरा के पूर्व प्रधान जाकिर अली ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है कि इंड्रा गांव में उनकी खेती व आबादी की जमीन है। इसे उन्होंने पत्नी के नाम पर खरीदा था। इसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। इस पर मार्केट बनवा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने नक्शा भी पास करा रखा है। लेकिन, कुछ लोग जमीन अपनी बताकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं।

पूर्व प्रधान ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन एसडीएम से दुकानों और मकान का नक्शा पास करा लिया था। इसके बाद निर्माण कार्य चल रहा है। नक्शे से पहले एसडीएम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। गांव के ही मुनव्वर शाह की कुछ जमीन उनके खेत से आगे है। इसे बेच दिया गया है। मगर अभी बैनामा नहीं कराया है। वह लोग उस जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं।

आरोप है यह लोगों से जमीन के नाम पर पैसे ऐंठ लेता है। 23 मार्च 2024 को पीड़ित अपने घर के बाहर खड़ा था। तब मुनव्वर शाह सहित कुछ लोग तमंचे लेकर आ गए। आरोपियों ने कहा कि 10 लाख रुपये दो या जमीन छोड़कर चले जाओ। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार :** शुक्रवार की दोपहर करीब 2:30 बजे थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर युवक के दोनों पैर कट गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन तब तक युवक दम तोड़ चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



शुक्रवार को करीब 2:30 बजे मालगाड़ी के चालक ने सूचना दी कि फाटक संख्या 23 तथा 25सी के बीच स्वार खुर्द में रामपुर से रुद्रपुर की ओर आने वाली मालगाड़ी से एक व्यक्ति कट गया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने घटना की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप में डाली। इस पर रहसेना के ग्राम प्रधान ने मृत व्यक्ति को पहचान लिया और उसके परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही आनन-फानन में परिजन ग्राम प्रधान के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक घायल की मौत हो चुकी थी। कुछ देर बाद युवक के पिता ओमप्रकाश लोधी भी मौके पर पहुंच गए और शव को देखकर बिलखने लगे।

उन्होंने बताया कि उनका बेटा 30 वर्षीय राजकुमार मंदबुद्धि था। सुबह लगभग 10 बजे घर से बिना बताए घूमने निकल गया था। वह घर में सबसे बड़ा था। मंदबुद्धि होने के कारण परिजन उसकी रखवाली करते थे।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

▸▸ केमरी थाना क्षेत्र का मामला परिवार में मचा कोहराम

▸▸ पिता ने बताया कि मंदबुद्धि था तीस वर्षीय राजकुमार

# एक किलोग्राम अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर/पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई पुलिस ने दो लोगों को एक किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए थाना प्रभारियों द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते पटवाई पुलिस द्वारा दो आरोपियों को रामपुर शाहबाद रोड स्थित ग्राम मतवाली बार्डर पर चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से एक किलो अफीम मिली। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 12 लाख रुपये है। पकड़ा गया सूरज वर्मा बरेली जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव अमरौली का निवासी है। जबकि उसका साथी धर्मपाल जनपद बेरली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव झाऊनगला का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# 31.6 किलो गांजा समेत पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खुजरिया पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से 31.6 किलो गांजा बरामद किया। इसकी कीमत 15 लाख रुपये बताई जा रही है। एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जबकि एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते खजुरिया थाना प्रभारी शुक्रवार को अहरो तिराहा के पास वाहनों चेकिंग कर रहे थे। तभी सफेद रंग की ब्रेजा कस्बा शीशगढ़ की ओर से आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक ने स्पीड़ और बढ़ा दी। इस पर पुलिस ने कार को घेर लिया। यह देख एक व्यक्ति कार से उतरकर भाग गया जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। गाड़ी की तलाशी में पुलिस को दो प्लास्टिक के कट्टों में 31.6 किलोग्राम गांजा मिला। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम दीपक साहनी निवासी सेठी कालोनी डिबडिबा थाना बिलासपुर बताया है। फरार होने वाला राकेश उत्तराखंड के जनपद ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर की भूरा रानी कालोनी वार्ड नंबर 11 का निवासी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व उससे बरामद गांजा तथा कार। ● अमृत विचार

**सफलता**

▸▸ दूसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार, कार भी बरामद



उत्तराखंड बार्डर पर वाहनों की तलाशी लेते अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने की बार्डर पर वाहनों की चेकिंग

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ व कोतवाल ने जगह-जगह वाहनों की चेकिंग की। लेकिन कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। कार्रवाई के दौरान वाहन स्वामी सहमे रहे।

लोकसभा चुनाव की तिथि निकट आते ही पुलिस-प्रशासन ने भी तैयारी तेज कर दी हैं। प्रशासन चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने देना चाहता है। बूथों का निरीक्षण करने के साथ ही साफ-सफाई और बिजली, पानी आदि का ख्याल रखा जा रहा है।

चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से निपटाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ संगम कुमार व कोतवाल संदीप त्यागी ने यूपी व उत्तराखंड बार्डर स्थित गांव शिकारपुर, बिलासपुर बार्डर पर दो व चार पहिया वाहनों की चेकिंग की। लेकिन वाहनों मे कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

# धोखाधड़ी से दोस्त ने 2.30 लाख रुपये हड़पे

**रामपुर, अमृत विचार :** दोस्त को दिए 2.30 लाख रुपये वापस मांगना भारी पड़ गया। आरोपी दोस्त ने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमनगर निवासी जहरूल हसन का कहना है कि रतनपुरा निवासी नाजिम से उसके संबंध हो गए थे। इसके चलते 11 जनवरी 2022 को उन्होंने नाजिम को 2.30 लाख रुपये उधार दे दिए। कुछ समय के बाद पैसे वापस नहीं दिए तो पीड़ित ने आईजीआरएस पर शिकायत की। इसके बाद दरोगा ने समझौता करा दिया। लेकिन, उसके बाद भी पैसे नहीं दिए। 14 जनवरी को आरोपी कुछ साथियों के साथ हथियार लेकर घर में घुसे गए और जान से मारने की धमकी दी। उसने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर स्वार पुलिस ने नाजिम, बब्लू, जाहिद खां, जलील खां, मोईन खां, मुन्ने खां और नूर हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी आठ दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ भांजी से सामूहिक दुष्कर्म करने में फरार हैं जिला पंचायत सदस्य समेत सभी आरोपी

**अमृत विचार :** आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। भांजी से सामूहिक दुष्कर्म करने में जिला पंचायत सदस्य समेत सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि भांजी को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज हुसैन चिंटू सहित आठ नामजद आरोपियों को पकड़ने के लिए मुरादाबाद तक दबिश दी जा रही है।

शहजादनगर थाने में पीड़िता की तहरीर के आधार पर 21 मार्च को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है। लेकिन दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का कहना था कि वह तीन वर्ष से मुंबई में रहकर फैशन डिजाइनर और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। उसके परिवार में मां और जुड़वा बहन है। पिता की 2012 में मौत हो चुकी है। वह मुरादाबाद में रहने वाले मामा के घर रहकर बड़ी हुई है। उसके नाना व मामा के नाम पर करीब 350 बीघा जमीन है। उन दोनों की मौत के बाद इस जमीन की वारिस उसकी मां है।

इस जमीन पर उसके चचेरे भाई इम्तियाज हुसैन चिंटू, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन व असरार हुसैन की नजर है। युवती का आरोप है कि उसकी मां 14 साल से इन लोगों के कब्जे में थी। वह नौ माह पहले अपनी मां को इनके कब्जे से छुड़ाकर ले गई थी। युवती 29 फरवरी को जमीन के कागजात और सबूत एकत्र करने के लिए घर आई थी। कचहरी से कागजात निकलवाए थे। आरोपियों को यह बात काफी बुरी लगी। 13 मार्च को आरोपी उसे कार में डालकर अपने घर चमरौआ ले गए। यहां चारों आरोपियों ने उसे बेल्ट से पीटा और हाथ पैर बांधकर दुष्कर्म किया था। इसके बाद बाद कुछ अन्य लोग भी आ गए थे। इन लोगों ने दो दिन तक दुष्कर्म किया था। इसके बाद दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया। पीड़िता ने दिल्ली में तहरीर दी थी। इसके आधार पर दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज करके 21 मार्च को शहजादनगर थाने भेज दिया था। इसमें इम्तियाज हुसैन, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन, असरार हुसैन (सभी चचेरे मामा), मौलाना लतीफ, इरफान हाजी, आसिफ बंडा, जाकिर और चार लड़के अज्ञात शामिल हैं। शहजादनगर प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

# अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी।



अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है।

शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई। मगर जिरह पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी।

### डूंगरपुर के मामले में इंस्पेक्टर से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शुक्रवार को इंस्पेक्टर रामवीर सिंह से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी। सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराया गया था। इसमें वहां के लोगों ने 12 मुकदमे 2019 में दर्ज कराए थे। आरोप लगाया था कि सपा नेता आजम खां के इशारे पर बस्ती में तमाम सपाई घुस आए थे। उनके घरों को बुलडोजर से गिरा दिया था। मारपीट और लूटपाट भी की थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को इंस्पेक्टर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई होगी।

**सतर्कता** हादसों को रोकने के लिए विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई

# 200 लोगों ने हटवाई एलपीजी किट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग की कार्रवाई के डर से एक वर्ष में जिले के करीब 200 वाहन स्वामियों ने कार में लगी एलपीजी किट को उतरवा लिया है। जिससे उनके वाहनों का दोबारा पंजीकरण हो सके। इसके अलावा आफिस में आने वाले वाहनों को भी चेक किया जा रहा है।

जिले में एक भी एलपीजी का पंप नहीं है। इसके बाद भी वाहन स्वामी नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से गैस किट लगवाकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं। मारुति वैन और ईको कार में सबसे ज्यादा गैस किट लगी होती हैं। इससे हादसों का खतरा बना रहता है। इसके बाद भी चालक दुकानदारों से सेंटिग करके कार में एलपीजी किट लगवा लेते थे। इसके बाद एआरटीओ आफिस में जाकर आरसी में पेट्रोल या एलपीजी में चढ़वा लेते थे। लेकिन कुछ समय में पहले विभाग ने ऐसे वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर रोक लगा दी थी। क्योंकि गैस किट का कोई टेस्टिंग सिस्टम नहीं होने के कारण हादसे होने का खतरा बना रहता था। इसके बाद एक वर्ष में करीब 200 वाहन स्वामियों ने अपनी कारों से एलपीजी किट हटवाकर विभाग को कागजात दिखाए। इसके बाद ही रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण हो सका।

### टैक्सी स्टैंड पर खड़ी रहती हैं कई कारें

इतनी सख्ती के बाद भी कार चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। सख्ती के बाद भी लोग गुपचुप तरह से दुकादारों से सेटिंग करके सिलेंडर को कार में रखकर ले जाते हैं। इसके बाद वाहनों में डालते हैं। एलपीजी से चलने वाली कई कार टैक्सी स्टैंड रोड पर भी खड़ी रहती हैं। इतना ही नहीं कई शिक्षिकाएं भी इनमें यात्रा करती हैं। किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### हादसे के बाद जागा पूर्ति विभाग

जिले में धड़ल्ले से बिना लाईसेंस के गली-मोहल्लों में कारों में अवैध रूप से गैस भरी जा रही है। मिलक में हुए हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि छह लोग अभी भी जिन्दगी और मौत से लड़ रहे हैं। उसके बाद पूर्ति विभाग जागा है। मिलक और सैदनगर क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है। हालांकि शहर में अभी भी कई स्थानों पर चोरी छिपे कारों में गैस भरी जा रही है। अभी विभाग की टीम इन स्थानों तक नहीं पहुंच सकी है।

> एक वर्ष में करीब 200 वाहनों से एलपीजी किट को हटवाया जा चुका है। जिन वाहनों के पंजीकरण में एलपीजी किट चढ़ी होती है, उनके पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं किया जाता है। किट हटवाने के बाद ही नवीनीकरण किया जाता है।
> – राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ




केंद्र संचालकों से जानकारी लेते तहसीलदार। ● अमृत विचार

# तहसीलदार ने किया आधार कार्ड संशोधन केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता, बिलासपुर


▸▸ अभिलेखों का रखरखाव सही नहीं मिलने पर चेताया

**अमृत विचार :** शुक्रवार को तहसीलदार निश्चय कुमार ने नगर क्षेत्र के सभी आधार कार्ड संशोधन केन्द्रों व जनसेवा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके अभिलेखों व उनके रख-रखाव की जांच की गई।

किसी भी केन्द्र पर अभिलेख तथा उनका रख-रखाव सही नहीं पाया गया। इस पर तहसीलदार ने नाराजगी जताते हुए सभी केन्द्र संचालकों को बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। चेतावनी भी दी कि यदि भविष्य में निरीक्षण के दौरान फिर ऐसी कमियां पाई जाती हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मामूली कहासुनी में युवक को किया घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** मामूली बात पर हुई कहासुनी के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ओर से लात-घूंसे व लाठी-डंडे चलते। इसमें एक युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को स्वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।



घायल रियासत हुसैन उर्फ बाबू।

चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि रियासत हुसैन की तहरीर पर नगर के मुख्य बाजार निवासी जलीस पुत्र अब्दुल गनी और उसके बेटे शाहरुन एवं वसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन पर रियासत हुसैन उर्फ बाबू के सिर पर लाठी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक बीसी ने धोखाधड़ी कर निकाले 10 हजार, रिपोर्ट

संवाददाता, शाहबाद

**कार्रवाई**

▸▸ शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर संयुक्त खाते से 10 हजार रुपए निकालना बैंक बीसी को भारी पड़ गया। पुलिस ने बैंक बीसी समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि बैंकों से भीड़भाड़ कम करने व बैंकिग सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बैंकों की ओर से बैंकिग कॉरेस्पोंडेंस की तैनाती की गई है। परंतु कुछ बीसी ग्रामीणों की कम जानकारी का फायदा उठाकर पैसे की धोखाधड़ी भी कर रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला शाहबाद के ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर में सामने आया है। गांव निवासी चंद्रपाल के मुताबिक उसका व उसकी पत्नी का प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में संयुक्त खाता है। वह अपने खाते से धनराशि निकालने के लिए बैंक के बीसी बिजेंद्र और राजू के पास गया। 23 जून 2023 को उसने अपने खाते से 10 हजार रुपए निकाले। आरोप है इस दौरान उन्होंने उसी के अंगूठे से उसकी पत्नी के खाते से 10 हजार रुपए और निकाल लिए। इसके बाद 19 सितंबर 2023 को वह अपने खाते की जानकारी लेने बैंक गया। तब आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और बैंक से बाहर निकाल दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर


उवैस व शाजिया नूरी।

### कम उम्र में रोजे रख रहे उवैस और शाजिद

**मसवासी, अमृत विचार :** रमजान के मुकद्दस महीने में बच्चों के अंदर रोजा व नमाज को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी मौलाना मोहम्मद इदरीस रजा के बच्चे मोहम्मद उवैस व शाजिया नूरी कम उम्र में रोजे रख रहे हैं। उवैस सात वर्ष और शाजिया नूरी नौ वर्ष की है। उन्होंने जुमे को रोजा रखा और नमाज पढ़ी। अल्लाह ताला से मुल्क में अमनो अमान की दुआ मांगी। उनके इस जज्बे को देखकर परिजन काफी खुशी हैं।

### शाहरान ने रोजे रखकर मांगी अमन चैन की दुआ



**मिलक, अमृत विचार :** मिलक क्षेत्र में नौ वर्षीय बच्चे ने जुमे के दिन रोजा रखा और देश के अमन चैन की दुआएं मांगी। नगर के मोहल्ला नसीराबाद निवासी साजिद अल्वी के नौ वर्षीय पुत्र शाहरान लगातार रोजा रखा रहा है। शाहरान ने बताया कि परिवार के लोग रोजा रखने से मना करते हैं लेकिन रमजान का पवित्र महीने में रोजा रखना उसे अच्छा लगता है। शाहरान ने बताया कि रमजान के दौरान नमाज अदा कर देश में अमन एवं चैन की दुआ कर रहे हैं।

### शांतिपूर्ण ढंग से हुई तीसरे जुमे की नमाज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को पवित्र रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शांति एवं सौहार्द के साथ पढ़ी गई। मस्जिदों से सबके लिए दुआ हुई। इस दौरान प्रशासन व पुलिस के अधिकारी शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते रहे। क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने कुछ स्थानों का निरीक्षण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कोतवाल बलवान सिंह भी भ्रमण करते रहे। नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद समेत प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस तैनात रही। उल्लेखनीय है कि मुख्तार अंसारी की मौत के दृष्टिगत भी पुलिस आज सतर्क थी।


# रमजान के तीसरे जुमे को नमाजियों से भरी रहीं मस्जिदें

## जामा मस्जिद में सुबह से ही पहुंचे दूर-दराज से आए नमाजी, अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए है नमाज, रोजा, जकात व एतकाफ

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रमजान माह के तीसरे जुमे को मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। नमाज के वक्त से पहले ही नमाजी मस्जिदों में पहुंच गए। उलमा ने नमाज अदा कराने के साथ ही रमजान माह के तीसरे अशरे की फजीलत बयान की। रमजान के तीसरे जुमे की नमाज लाखों लोगों ने अलग-अलग मस्जिदों में अदा कर अल्लाह के दरबार में सजदा किया। शहर की जामा मस्जिद में काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने नमाज पढ़ाई। काजी ए शहर ने कहा कि एतकाफ के लिए लोग मस्जिदों में पहुंचे। नमाज, रोजा, जकात, एतकाफ अल्लाह की रजा को हासिल करने के लिए है। एतकाफ करने वाले सूरज डूबने से कब्ल मस्जिदों में पहुंचे और चांद दिखने तक मस्जिदों में रहेंगे। यह हूजूर की सुन्नत है।

शहर की तमाम मस्जिदों के आसपास रात से ही साफ-सफाई शुरू करा दी गई थी। तमाम मस्जिदों में भारी संख्या में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की। शहर की जामा मस्जिद में आसपास के गांवों से लोग पूर्वाह्न करीब 11 बजे से पहुंचना शुरू हो गए थे। जामा मस्जिद में काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने जुमे की नमाज पढ़ाई। इससे पहले उन्होंने खुतबे में एतकाफ की फजीलत बयान करते हुए कहा कि कुछ लोगों एतकाफ में बैठते हैं और बहुत सारे लोगों की मुसीबतों को अल्लाह तआला दूर कर देता है। कहा कि कुरआन सुन रहे हैं या सुना रहे हैं, यह सुन्नते मुअक्कदा है। तीसरी सुन्नत इस माहे मुबारक की आखिरी अशरे का एतकाफ है। आबादी के अंदर कुछ लोग इस सुन्नत को अदा करें तो सबका जिम्मा साकित हो जाता है। रहमत का अशरा गुजरा गया। मगफिरत का अशरा पूरा हो रहा है। जहन्नुम से निजात का तीसरा अशरा शुरू होने वाला है। सूरज डूबने से पहले एतकाफ करने वालों को मस्जिद के अंदर दाखिल हो जाना चाहिए। ऐसी मस्जिद में जहां पंचवक्ता नमाज होती है और औरतें घरों के अंदर मखसूस जगह बना लें और एतकाफ करें। खाना, पीना, सोना, जागना यह सब काम मस्जिद के अंदर ही करें। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती समेत हजारों लोग मौजूद रहे। जामा मस्जिद के अलावा शहर मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, शीशम वाली मस्जिद, बढ़इयों वाली मस्जिद, लुहारों वाली मस्जिद, पीलू की मस्जिद, कैथ वाली मस्जिद, जिनों वाली मस्जिद, राजद्वारा मस्जिद, एक मीनार वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मीना बाजार, रेलवे स्टेशन, ज्वालानगर, अजीतपुर आदि मस्जिदें रमजान के तीसरे जुमे को नमाजियों से भर गईं।


जामा मस्जिद में नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार


शहर की जामा मस्जिद पर नमाज के दौरान तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### सड़कों पर नहीं होगी अलविदा जुमा और ईद की नमाज

काजी-ए-शहर मौलाना सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि आलिम का काम रहनुमाई करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग रमजान के टाइम टेबिल से हटकर सायरन बजा रहे हैं। लोगों के रोजे को खराब कर रहे हैं। उन्हें अल्लाह के दरबार में कयामत के दिन जवाब देना होगा। मौलाना ने कहा कि अलविदा जुमा और ईद की नमाज जामा मस्जिद और ईदगाह के अंदर होगी। सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी।

### शिया जामा मस्जिद में भी हुई जुमे की नमाज

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे को नमाज अदा की गई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने नमाज से पहले हुए खुतबे में रमजान के तीसरे अशरे की फजीलत बयान की। कहा कि रमजान के तीसरे अशरे में इबादत करके इंसान अपने को जहन्नुम की आग से बचा सकता है। कहा कि माहे रमजान में अल्लाह रोजेदारों की एक-एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है। इसलिए जरूरी है कि हर आकिल और बालिग माहे रमजान में अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारे। माहे रमजान में कुरआन मजीद नाजिल हुआ। इस महीने में ज्यादा से ज्यादा कुरआन मजीद की तिलावत करें। नमाज पढ़ें और रोजा रखें। इस सबके साथ गरीबों का भी ख्याल रखें। अपने माल की जकात अदा करें।

### गुड फ्राइडे पर शांति भवन में हुई प्रार्थना सभा

**मसवासी, अमृत विचार :** गुड फ्राइडे पर मानपुर उत्तरी के शांति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

गुड फ्राइडे के मौके पर मानपुर उत्तरी के शांति भवन में प्रार्थना सभा की गई। प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने का मंचन किया गया। पास्टर डेनियल ने कहा कि प्रभु यीशु ने समाज को बेहतर रास्ते पर लाने के लिए बुराई को त्याग कर भलाई और शांति का संदेश दिया। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।


मसवासी के मानपुर उत्तरी शांति भवन में प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य।

# बदर में लड़ी गई जुल्म के खिलाफ जंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने जंग ए बदर के बारे में बताया। कहा कि जंग ए बदर रमजान मुबारक में लड़ी गई थी। बताया कि नबी ए करीम ने अपने 313 साथियों के साथ कुफ्फार ए मक्का से जंग लड़ी। ऊंट और हथियारों की कमी के बावजूद मक्का के एक हजार लश्कर से जंग लड़ी और जीत सच्चाई की हुई। इसलिए इसका नाम जंग ए बदर पड़ा।

जंग ए बदर का कार्यक्रम घेर मियां खां में हुआ। मौलाना शादाब कदीरी के आवास पर रोजा इफ्तार भी कराया गया। उन्होंने कहा कि रमजान के मुबारक महीने में ज्यादा से तिलावत ए कुरआन मजीद करें। खुदा से अपने गुनाहों की बख्शीश तलब करें। इसके बाद मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर शकील गौस, हाजी जमीर रिजवी, खान शुऐब युनूस, मोहसिन खां, असलम खां, अर्शी खां, फैजान खां, जमील इनायती, मुईन खां, हबीब खां, आरिज खां, फसाहत खां, बाबू खां, राहत जान आदि शामिल रहे।


घेर मियां खां में रोजा इफ्तार करते लोग। ● अमृत विचार

**तकरीर**

▸▸ आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के तत्वावधान में कराया गया रोजा इफ्तार

### पुलिस ने शराब के साथ तीन लोग पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक खानम पुलिस ने अभियान चलाकर तीन लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है। आरोपी शराब को अवैध तरीके से बेचने की फिराक में थे।

मिलक खानम पुलिस ने प्रेम सिंह पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम कुंवरपुर नानकार का मझरा अलीनगर को 96 पाउच अंग्रेजी शराब 8 पीएम स्पेशल के साथ पीलाखार नदी के पुल के पास से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा यादराम पुत्र सम्मन निवासी अलीनगर मझरा कुंवरपुर नानकार को 36 कैन गॉडफादर बीयर व 12 कैन किंगफिशर बीयर व 10 पाउच मस्तीह देशी शराब के साथ ग्राम अलीनगर से गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने भागीरथ पुत्र लेखराज निवासी कुंवरपुर नानकार को 80 पौवा मस्तीह देशी शराब के साथ पीलाखार नदी के पुल के पास गिरफ्तार किया है।

# नए किसानों से मजबूत होगा संगठन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि संगठन में लगातार बड़ी संख्या में किसानों को जोड़ते रहें। नए किसानों का संगठन में आना जरूरी है। नए किसानों के आने से संगठन और अधिक मजबूत होगा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम पदपुरी में सरदार निशान सिंह के आवास पर शुक्रवार की दोपहर पंचायत हुई। जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं के बारे में जाना। इस बीच दर्जनों किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कहा कि सभी किसान गेहूं की फसल एमएसपी पर ही सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर बेचें। अजय बाबू ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए जिले में गेहूं क्रय केंद्र बनाए हैं। इसलिए किसी भी बिचौलिए को फसल बेचकर अपना नुकसान न करें। पंचायत में अमित गंगवार जिला सचिव, विक्की धालीवाल, लखविंदर गंगवार, सादा सिंह, हरदीप सिंह संधू, चौधरी योगेंद्र सिंह, चरण सिंह, पंडित रामेंद्र शर्मा, दीदार सिंह फौजी, हरिओम शर्मा, सगनदीप कौर, कमलेश गंगवार, बाबू राम गंगवार, सतेंद्र गंगवार, महेश बाबू, विशाल गंगवार, हरीश बाबू, गुरसैज सिंह, नरेश, दानिश खान आदि किसान मौजूद रहे।


ग्राम पदपुरी में हुई पंचायत में शामिल किसान। ● अमृत विचार

▸▸ ग्राम पदपुरी में सरदार निशान सिंह के आवास पर हुई पंचायत

# शिक्षाप्रद कार्यक्रमों की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नारायण ई टेक्नो स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन शुक्रवार को अभिभावकों के लिए कार्यशाला हुई। इसमें उत्तर भारत नारायण ग्रुप के निदेशक श्रीश रेड्डी और विद्यालय के जीएम आशुतोष कुमार ने अभिभावकों के साथ विचार-विमर्श किया। विद्यालय की एजीएम डा. उजमा कमर ने विद्यार्थियों का भविष्य कैसे उज्जवल करें विषय पर जानकारी दी।

प्रधानाचार्य नगमा खान ने विद्यालय की विशेषताएं बताईं। ई किड्स की जोनल कोऑर्डिनेटर कविता रमेश ने विद्यालय की विविध विशेषताएं (जैसे एक कक्षा में 20 विद्यार्थी दो शिक्षिकाएं और एक मेड) के बारे में बताया। इसी के साथ ई चैंप्स की जोनल कोऑर्डिनेटर मोनिका तंवर ने कक्षा एक से पांच में होने वाले शिक्षाप्रद कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इसे माता-पिता ने बहुत सराहा। ई टेक्नो के कोऑर्डिनेटर वेंकटेश्वर और नवीन ने कक्षा छह से 10 में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ( नीट और जेई) के आयोजन को विद्यालय का प्रमुख आकर्षण बताया। यह अभिभावकों के लिए मुख्य आकर्षण रहा।

इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की एजीएम ने अभिभावकों का धन्यवाद देते हुए अति उत्तम शिक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया।



कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को संबोधित करते जोनल कोआर्डिनेटर वेंकटेश्वर।

▸▸ नारायण ई टेक्नो स्कूल में हुई कार्यशाला

### आग से झुलसे लोगों की हालत में सुधार

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक के रौरा कला गांव में एलपीजी रिफिलिंग के दौरान ईको वैन में लगी आग से तीन बालक सहित सात लोग झुलस गए थे।

मिलक के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बुधवार को गंभीर हालात देखते हुए गौरव को मेरठ हायर सेंटर रेफर किया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। गुरुवार को मां की अनुपस्थिति में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। इस घटना में झुलसे छह लोगों का अभी भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती सभी घायलों की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उम्मीद जताई कि सभी घायल जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में फैज-रिंकी प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर शाहबाद के कंपोजिट विद्यालय सोना के छात्र मोहम्मद फैज प्रथम और उच्च प्राथमिक स्तर पर विकासखंड सैदनगर के कंपोजिट विद्यालय ढक्का हाजीनगर की छात्रा रिंकी अव्वल रही।

आदर्श कॉलोनी सिविल लाइन स्थित हरि सरस्वती शिशु मंदिर शुक्रवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें जनपद स्तर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 30 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक स्तर पर परिषदीय विद्यालयों के कक्षा छह से आठ तक की विज्ञान एवं पर्यावरण की पाठ्य पुस्तक तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा तीन से पांच की हमारा प्रवेश की पाठ्य पुस्तक के प्रश्नों पर आधारित थी। जनपद स्तर की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एक उत्तरीय प्रकार की लिखित परीक्षा थी। इसका पूर्णांक 50 था। प्राथमिक स्तर पर विकासखंड शाहबाद के कंपोजिट विद्यालय सोना के छात्र मोहम्मद फैज ने प्रथम स्थान, मिलक के कंपोजिट विद्यालय खेमपुर की तनु ने द्वितीय तथा राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर विकासखंड सैदनगर के कंपोजिट विद्यालय ढक्का हाजी नगर की छात्रा रिंकी ने प्रथम स्थान, चमरौआ के कंपोजिट विद्यालय मडैयान उदय राज की छात्रा निदा ने द्वितीय स्थान, मिलक के कंपोजिट विद्यालय खमरिया के छात्र मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिशन शिक्षण संवाद द्वारा दोनों स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह तथा शेष अन्य सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मिशन शिक्षण संवाद रामपुर द्वारा मिशन शिक्षण संवाद की सक्रिय सदस्य एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार 2022 से सम्मानित शिक्षिका डॉक्टर सुमन अरोड़ा एवं मिशन शिक्षण संवाद के वरिष्ठ शिक्षक शिव कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। संचालन मिशन शिक्षण संवाद के जिला संयोजक दीपक पुंडीर ने किया। कार्यक्रम में मिशन शिक्षण संवाद के कोर टीम के सदस्य रविंद्र पाल सिंह, नितिन राजपूत, प्रीति गौतम, रुचि गुप्ता, राणा तलत, शबनम आरा, डॉ. पूनम आनंद, शालिनी रावत, डा. वसीम अहमद का सहयोग रहा।


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद विजयी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ उच्च प्राथमिक स्तर पर 30 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

# पुलिस ने 24 घंटे में ही बंद कर दी छात्रा की मौत की फाइल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार की सुबह बीकॉम फाइनल की छात्रा का शव कमरे में बिस्तर पर मिला था। पुलिस ने जांच की बजाए 24 घंटे में इस मामले की फाइल बंद दी। एसओ पटवाई अजय शर्मा का कहना है कि मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली है। वह इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव निस्बा निवासी हरि किशन की सबसे छोटी बेटी पूनम दीक्षित कालेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार को उसका शव बंद कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला था। उसकी मां गंगादेवी ने खिड़की से कमरे में झांककर देखा तो उसकी चीख निकल गई थी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस की मौजूदगी में पूनम के शव को बाहर निकाला गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। एसपी ने बताया था कि मृतका के परिजन कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। तहरीर आने के बाद कार्रवाई होगी। लेकिन पटवाई पुलिस ने 24 घंटे में ही जांच करने की बजाए यह फाइल ही बंद दी। पटवाई एसओ अजय शर्मा ने बताया कि मृतका के भाई ने लिखकर दे दिया कि बहन ने आत्महत्या की है। हमें कोई कार्रवाई नहीं करनी है।

### फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट का भी नहीं किया इंतजार

पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी घटनास्थल पर बुलाया था। लेकिन पटवाई पुलिस ने फॉरेंसिक रिपोर्ट तक का इंतजार नहीं किया और छात्रा की फाइल बंद कर दी।

**गुड फ्राइडे** गुड फ्राइडे पर गिरजाघरों में हुई आराधना, सातों कलमों की हुई व्याख्या

# ईशु ने मानव जाति के पापों के प्रायश्चित को दिया बलिदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पादरी महबूब मसीह ने कहा कि ईशु ने समस्त जाति के पापों के प्रायश्चित को बलिदान दिया। गुड फ्राइडे पर चर्च में आराधना हुई और पादरी नितिन मैसी ने सातों कलमों की व्याख्या की। इस मौके पर प्रभु ईशु के भजन भी गाए गए। सरमन में कहा कि जिंदगी का नूर परमात्मा देता है। दुनिया के पहले इंसान हजरत आदम हैं। परमात्मा ने उनका मिट्टी का पुतला बनाया है। परमात्मा सनातन आत्मा है। उस पुतले में अपनी आत्मा को फूंक दिया। पुतले में आत्मा के फूंकते ही जिंदगी और नूर का संचार हो गया और वह जीवित इंसान हो गया।

हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च में शुक्रवार की दोपहर पादरी नितिन मैसी ने सरमन में कहा कि सनातन परमात्मा मानव जाति को नरक के अनंत दंड से मुक्त करने के लिए मनुष्य की देह धारण की और उसमें वास किया। समस्त मानव जाति के पापों को अनंत दंड से मुक्त करने के लिए सबको जीवन देने वाले स्वयं सबके प्राणों के हृदय हैं। गुड फ्राइडे को सबके पापों की सजा को अपने ऊपर ले लिया। हमारे पापों के दंड मृत्यु को खुद सह लिया। तीसरे दिन रविवार को मुर्दो में से जीवित होकर चालीस दिन दुनियां में रहकर फिर सबके देखते हुए स्वर्ग में परवाज कर गए और फिर इंसाफ करने आएंगे। अर्थात गुड फ्राइडे परमेश्वर के निमित मनुष्य के लिए पापों की एवजी बलिदान का शुभ दिन है। यह नजात का दान है जो सारे पापों के दंड से मनुष्य को मुक्त कर देता है। मसीह समुदाय ने उपवास रखकर प्रार्थनाएं कीं। इस अवसर पर इनोज लाल, एली ग्रिफिन, विशाल चरण, डेनियल मसीह, एडी, अंकिता, प्रियंका, सीमा लाल, मीनाक्षी चरण, पीयूष ग्रीफिन आदि मौजूद रहे।


मैथोडिस्ट चर्च में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।


सरमन में बोलते पादरी नितिन मैसी।


मंदिर में मौजूद पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# मंदिर के रास्ते की पुलिया संकरी होने से भक्त परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है शिकायत

**अमृत विचार :** महाभारत कालीन भमरौआ महादेव मंदिर पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट ने नहर खंड के अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन दिया और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की है।

प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि नहर खंड के अंतर्गत भमरौआ महादेव मंदिर के गेट के पास की पुलिया अत्यधिक संकरी है। इसकी वजह से लाखों शिव भक्तों, किसानों व ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर मंदिर के सेवादार उपेंद्र गुप्ता, सत्य प्रकाश, मास्टर रोशन लाल, विष्णु हरि गुप्ता, जतिन गुप्ता, विष्णु कश्यप, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आजम की खबर सोशल मीडिया पर वायरल

**रामपुर, अमृत विचार :** कई वर्ष से जेल में सजा काट रहे बाहुबली मुख्तार अंसारी की गुरुवार की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। हालांकि परिवार के लोग जहर देकर मारने का आरोप लगा रहे हैं। किसी प्रकार की कोई घटना न हो इसे देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया था। सिवान (बिहार) के शहाबुद्दीन, इलाहाबाद के अतीक अहमद और गाजीपुर के मुख्तार अंसारी के बाद सोशल मीडिया पर आजम खां को संकट में होने की खबर शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पूरे दिन वायरल होती रही। अंदेशा जताया गया कि कहीं अब आजम खां के साथ कोई साजिश तो नहीं रची जाएगी। सपा नेता आईपी सिंह ने ट्वीट कर कहा है कि पूर्व मंत्री आजम खां को गैर भाजपा वाले राज्यों की जेल में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने अंदेशा जताया है कि उनके साथ साजिश हो सकती है।

### मारपीट के दो मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया पुलिस ने एक ही गांव में हुए मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि सिसौना गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र सुम्मेरी लाल तथा असिफ पुत्र रहीस अहमद को पकड़ा है। इन दोनों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार व कमलेश कुमार द्वारा मामलों की जांच की गई। शिकायत सही मिलने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया है।

### गैंगस्टर एक्ट में दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**रामपुर, अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट की कोर्ट ने दोषी को तीन वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। शाहबाद थाने में 31 मार्च 2023 को पुलिस ने बबूल के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई गैंगस्टर एक्ट की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

# होली त्योहार के बाद जिला अस्पताल में बढ़े सांस, आंख और नाक के मरीज

## जिला अस्पताल में 3 दिन में पहुंचे 400 से अधिक मरीज, सांस व अस्थमा के रोगियों को हो रही ज्यादा समस्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली के बाद जिला अस्पताल में मुंह, आंख और नाक के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। होली पर लोगों ने जमकर रंग, अबीर व गुलाल खेला है। रंग, अबीर व गुलाल नाक और मुंह में जाने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सांस रोगियों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। तीन दिन में जिला अस्पताल में 400 से अधिक मरीज सांस लेने में तकलीफ के पहुंचे। इसमें पुराने सांस रोगी भी शामिल हैं।

जिला अस्पताल की ओपीडी में होली के बाद सांस रोगियों की संख्या बढ़ गई है। चार दिन में ओपीडी में 400 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इनको सांस लेने में दिक्कत होने के साथ ही खांसी, सिर दर्द और आंसू की समस्या थी। कुछ मरीज गले में दर्द होने की समस्या बता रहे थे।

जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह ने बताया कि रंग व गुलाल की वजह से सांस रोगियों की समस्या बढ़ जाती है। रंग-गुलाल में बहुत से छोटे कण होते है। इससे न सिर्फ फेफड़ों की दिक्कत बढ़ती है बल्कि श्वसन तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। इससे एलर्जी की समस्या बढ़ती है। सांस रोगियों के साथ ही एक्यूट ब्रोंकाइटिस भी अस्थमा के रोगियों में सबसे ज्यादा मिल रहा है।


जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

### ओपीडी नहीं होने पर लौटे मरीज

शुक्रवार को गुड फ्राइडे का अवकाश होने पर जिला अस्पताल में ओपीडी नहीं हुई। उपचार नहीं मिलने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल के दोनों गेट बंद मिले। मरीजों के तीमारदारों को कांउटर के मैन गेट पर ताला लगा मिला। किसी चिकित्सक के नहीं मिलने पर रोगियों ने मजबूरी में इमरजेंसी का रुख किया। यहां उन्होंने ईएमओ को दिखाया। इसके बाद उन्होंने वार्ड ब्वॉय से ब्लड प्रेशर चेक कराया।

### महिला चिकित्सालय में 11 बजे तक हुए अल्ट्रासाउंड

महिला चिकित्सालय में सुबह 11 बजे तक महिलाओं के अल्ट्रासाउंड हुए। रेडियोलॉजिस्ट डा. केके रंजन ने महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए। 11 बजे के बाद रेडियोलॉजिस्ट कक्ष में ताला लग गया। अल्ट्रासाउंड नहीं होने पर महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। महिलाएं कुछ देर बाद मुख्य चिकित्साधीक्षक के कक्ष पहुंची और अपनी परेशानी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से 11 बजे तक अल्ट्रासांउड हुए। रेडियोलॉजिस्ट कक्ष में ताला लगा होने पर मजबूरी में उन्होंने निजी चिकित्सकों का रुख किया।

## बिलारी में हुए हादसे में 3 माह के शिशु की मौत

**रामपुर/सैफनी, अमृत विचार :** बेटे को साथ लेकर बहन को बुलाने गए युवक के भांजे कि सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक पर सवार अन्य तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की खबर पाकर घायलों के परिवार में चीख पुकार मच गई।

थाना क्षेत्र के करनपुर की मढ़ैया गांव निवासी विनीत अपने पुत्र के साथ बाइक से अपनी बहन पुष्पा को मुरादाबाद में उसकी ससुराल से बुलाने गया था। शुक्रवार को अपने बेटे, बहन पुष्पा व उसके तीन माह के पुत्र को बाइक पर बैठाकर अपने गांव आ रहा था। हुसैनपुर गांव के सामने बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान पुष्पा के तीन माह के बेटे की मौत हो गई। जबकि विनीत की टांग टूट गई। पुष्पा और विनीत का बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक घायलों को अस्पताल भेजा जा चुका था।


एलआईसी चौराहे पर लगे बैरियर और बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

# उम्मीदवार आज ले सकते हैं चुनाव से नाम वापस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए 22 से 27 मार्च तक 18 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। गुरुवार को सपा प्रत्याशी आसिम राजा सहित 12 के पर्चे खारिज हो गए थे। शनिवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन है। 19 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन वापसी के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जगह-जगह बेरिकेडिंग कराई है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद 22 मार्च से प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदना शुरू कर दिया था। सबसे पहले भाजपा के सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने नामांकन कराया था। उसके बाद आखिरी दिन सपा से आजम खां के करीबी आसिम राजा के अलावा सपा से ही मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खां सहित 18 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र चेक किए थे। सपा से आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों को त्रुटियों के चलते खारिज कर दिया था। अब चुनाव मैदान में छह प्रत्याशी हैं। आज प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद रामपुर के चुनावी दंगल में कितने प्रत्याशी दांव आजमाते हैं यह साफ हो जाएगा।


खानकाह इनायतियां में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई।

## कुरआन पढ़ने से मिलती हैं नेकियां

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला घेर नज्जू खां खानकाह इनायतिया में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हर साल की तरह इस साल भी 17 माहे रमजानुल मुबारक को मौलवी वसी अहमद साहब ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज शरीफ अहमद ने अदा किए।

इस मौके पर मौलवी वसी साहब ने कुरआन की फजीलत बयान करते हुए कहा कि कुरआन वह किताब है जिसके एक हर्फ पढ़ने पर अल्लाह 10 नेकियां अता फरमाता है। अंत में मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ कराई गई।

इस मौके पर हाफिज और सामां के फराइज की लोगों ने गुलपोशी की। इस अवसर पर सज्जादनशीन मौलवी मोहम्मद जुनैद उल्लाह खां, मौलवी फैजान शामिल रहे।

# रमजान माह में नमाजियों के गुनाह माफ कर देता है अल्लाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मस्जिद गौसिया में गुरुवार को कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इस मौके पर मौलाना फहीम अहमद ने तकरीर में कहा कि मुसलमानों को अपनी जिंदगी में कुरआन मजीद के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। कहा कि हर मुसलमान को कलमा तयैबा का जिक्र करते रहना चाहिए। कोई मोमिन रमजान के पूरे रोजे रखता है और फिर ईद की नमाज अदा करता है तो अल्लाह उस बंदे के सिर से लेकर पैर तक के सारे गुनाह माफ कर देता है।

शहर के मोहल्ला घेर अलफ खान पर मस्जिद गौसिया में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज फहीम अहमद ने कुरआन मजीद सुनाया जबकि सामां के फराइज हाफिज अख्तर ने अंजाम ने दिए। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मामून शाह खां ने हाफिज फहीम अहमद को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अंत में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर शैजी सैफी, शाहिद खां, नौशाद सैफी, अदनान खान अदिल मियां, रहमान अंसारी, फैजान अली, अल्तमश खान, शुऐब मियां आदि मौजूद रहे।


मस्जिद गौसिया में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हाफिज की गुलपोशी की गई।

- मस्जिद गौसिया में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मांगी दुआएं
- कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर की गई हाफिजों की गुलपोशी


मस्जिद दरोगा महबूब जान में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हाफिजों की गुलपोशी हुई।

### मस्जिद दरोगा महबूब जान में कुरआन मजीद मुकम्मल

**रामपुर, अमृत विचार :** मस्जिद दरोगा महबूब जान में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज महमूद शाह खां ने तिलावत की। हाफिज मोहम्मद अकरम, हाफिज मोहम्मद दानिश साहब ने सामां के फराइज अदा किए। हाफिज मुजतबा खां ने दुआ कराई। इस मौके पर राशिद मियां, आसिफ मियां, शिम्मी मियां मौजूद रहे। इसके अलावा मोहल्ला राजद्वारा गली चक्की स्थित मस्जिद घेर जुबैर खां में हाफिज मोहम्मद फैजान से रोजाना दो सिपारे सुनाए। जबकि सामां के फराइज हाफिज मोहम्मद खालिद ने अदा किए।

# टांडा में फिर उठी रोडवेज बस अड्डे की स्थापना की मांग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना न होने से क्षेत्र के व्यापारियों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की बरसों पुरानी यह मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी है। लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर नगर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना की मांग जोर पकड़ने लगी है।

टांडा को नगरपालिका परिषद के साथ ही तहसील का भी दर्जा हासिल है। लेकिन यहां न तो रोडवेज बस अड्डा है और न ही रोडवेज बसों का पर्याप्त संचालन है। हालांकि नगर में बस अड्डे की स्थापना और रोडवेज बसों के संचालन की मांग लम्बे समय से चली आ रही है। लेकिन क्षेत्रवासी अभी तक इस सुविधा से वंचित हैं। नगर से दिल्ली के लिए रोडवेज की मात्र एक बस का ही संचालन होता है। नगर में रोडवेज बस अड्डे की मांग को शासन और प्रशासन स्तर से पूरा नहीं किया जा सका है। वास्तविकता तो यह है कि जनप्रतिनिधियों की ओर से इस सम्बंध में कोई ठोस पहल भी नहीं की गई है। टांडा जनपद का सबसे बड़ी आबादी के साथ ही व्यावसायिक उपनगर है। यहां राइस मिलों के साथ ही विभिन्न छोटे-बड़े उद्योग भी हैं। बड़े पैमाने पर चावलों का कारोबार होता है। इसलिए अक्सर व्यापारियों, नौकरपेशा और आम लोगों का बाहर आना-जाना रहता है। यहां केवल खटारा बसों की ही सुविधा है। इसके चलते लोग खटारा बसों में यात्रा करने को मजबूर हैं। नगर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना तथा रोडवेज बसों की पर्याप्त संख्या में संचालन की मांग दशकों पुरानी है। लेकिन जनप्रतिनिधि व शासन-प्रशासन की ओर से इस ओर कोई सार्थक प्रयास नहीं किये गए हैं। लोग कहते हैं कि नगर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना और निगम की बसों का पर्याप्त संख्या में संचालन अत्यंत आवश्यक है।


टांडा में रोडवेज बस अड्डे के लिए प्रस्तावित जगह। ● अमृत विचार

- स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों को पड़ता है भटकना


"क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए नगर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना बेहद जरूरी है। इस बारे में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।" – हाजी मुशर्रफ अली, व्यापारी


"क्षेत्रवासियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना और रोडवेज बसों का पर्याप्त संख्या में संचालन बेहद जरूरी है। रोडवेज बस अड्डा नहीं होने से लोगों को परेशानी होती है।" – मोहम्मद इकराम, पूर्व सभासद


"क्षेत्रवासियों की सहूलियत और कारोबार को बढ़ावा देने के लिए नगर में रोडवेज अड्डे की स्थापना बेहद जरूरी है। ताकि लोगों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सके। माननीय इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं।" – मोहम्मद उस्मान, व्यापारी


"नगर एवं क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए रोडवेज बस अड्डे की स्थापना की आवश्यकता है। कई बार अधिकारियों और माननीयों को इस बारे में अवगत कराया जा चुका है। लेकिन, बस अड्डा नहीं बना है।" –मोहम्मद तौसीफ, व्यापारी

## एक माह बाद आएगी नमूनों की रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** होली पर्व पर मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल के छापेमारी कर 23 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए है। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिनकी रिपोर्ट एक माह बाद आएगी। होली पर्व पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के नोडल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। जिसमें टीम ने सरसों का तेल, नमकीन, धनिया, पाउडर, नारियल, हब्शी हल्वा सोहन, मावा समेत 23 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए थे। अभिहित अधिकारी ने बताया कि लिए गए नमूनों की रिपोर्ट आने में 15 दिन से एक माह तक समय लग जाता है। जिनमें नमूने फेल होते हैं उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर कोर्ट में वाद दायर कराए जाते हैं।



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# रेडिको खेतान में मनाया होली मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रेडिको खेतान में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ रेडिको खेतान क्लब के अध्यक्ष अलोक अग्रवाल एवं यूनिट हेड अमर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गायक लकी अली ने होली के गीत सुनाकर मनोरंजन किया।

यूनिट हेड अमर सिंह ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। आलोक अग्रवाल ने कहा कि हमारी परम्परा रही है कि क्लब के माध्यम से सभी को एक सूत्र में पिरोकर पर्व मनाए। इसके बाद सभी ने गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली एवं लकी अली के गीतों का आनंद लिया। कार्यक्रम में राजेन्द्र तिवारी, उपेन्द्र पाण्डेय, विकास सक्सेना, जीबी सिंह, अजय मोहता, अजय प्रताप सिंह, इंदरपाल सिंह, राजेन्द्र शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

**राहत** पालिका प्रशासन के बोर्ड फंड से लगवाई जा रही हैं स्ट्रीट लाइट

# 13 स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगी एलआईसी रोड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर का प्रमुख एलआईसी चौराहा 13 स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगा। इस चौराहे पर तिरंगा लाइटें भी लगेंगी। इनको पालिका प्रशासन के बोर्ड फंड से लगवाया जा रहा है। वर्तमान में खंभे लगा दिए गए हैं। इनमें अभी बिजली की फिटिंग होनी है। यह सब होने के बाद लाइटें चालू हो जाएंगी।

समाजवादी पार्टी की सरकार में नगर पालिका परिषद ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें लगवाई थीं। काफी लंबे समय बाद खराबी आने से यह बंद हो गईं। इसे लेकर नगर पालिका के जिम्मेदारों को प्रशासनिक अधिकारियों ने फटकार लगाई। पिछले दिनों पालिका प्रशासन ने राम-रहीम पुल के दोनों ओर लगी 48 लाइटों को उतार दिया गया। इन्हें उतारने का कारण यह था कि खंभे नीचे से पूरी तरह गल चुके थे। दिन भर पुल पर हजारों की संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। इसके अलावा एक कारण है यह भी है कि यह लाइटें काफी पुरानी हो चुकी हैं। इसकी वजह से इनमें रोजाना खराबी आती रहती है। शुक्रवार की सुबह दस बजे पालिका के पथ प्रकाश विभाग की ओर से लाइटों को लगाने के लिए नए खंभे लगवाए गए। इन पर लाइट लगाई जाएंगी। इन लाइटों को चालू करने के लिए डिवाईडरों में से ही अंडरग्राउंड बिजली फिटिंग की जाएगी। एलआईसी चौराहे पर 13 स्ट्रीट लाइटों के खंभे लगवाए गए हैं।


स्ट्रीट लाइट के लिए फैमिली चौराहे पर लगाए गए खंभे। ● अमृत विचार

### प्रत्येक सभासद को मिल रहीं हैं छह लाइट

पिछले दिनों हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने प्रकाश व्यवस्था का मुद्दा उठाया था। उनका कहना था कि कब्रिस्तान व श्मशान घाट के बाहर काफी अंधेरा छाया रहता है। इस समस्या को देखते हुए वार्डों में जो लाइटें खराब हो गई हैं उन्हें उतरवाकर नई लगवायी जाएं। कहा कि वर्कशाप में लाइटें नहीं है तो खराब लाइटों की मरम्मत करके कराकर सभासदों को दे दें। जिससे गली, मोहल्लों में इन्हें लगवा दिया जाए और आने जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पथ प्रकाश विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगर पालिका के 43 वार्ड हैं। प्रत्येक सभासद को छह स्ट्रीट लाइटें दी जा रही हैं।

"फैमिली चौराहे से एलआईसी चौराहे तक 13 स्ट्रीट लाइटें लगनी हैं। पथ प्रकाश विभाग की ओर से शुक्रवार को खंभे लगवाए गए। इनकी लाइटों की चमक दूध की तरह होगी। इनको पालिका बोर्ड के फंड से लगवाया जाएगा।" –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

## पालिका प्रशासन ने कराई ईदगाह की साफ- सफाई

**रामपुर, अमृत विचार :** आगामी ईद उल फितर को लेकर पालिका प्रशासन ने ईदगाह में साफ सफाई कराई। पालिकाध्यक्ष सना खानम ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ईदगाह की जो घास बड़ी हो गई है उसकी कटाई, छंटाई कराई जाए।

कहा कि जहां पर नमाज होती है उस फर्श की धुलाई कराई जाए। पालिकाध्यक्ष का निर्देश का अमल करते हुए सुपरवाइजर और मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक ने ईदगाह का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने सफाई कर्मियों को बुलाकर घासों की कटाई कराई। कर्मचारी दिनभर सफाई में जुटे रहे। इसका जायजा लेने को पालिकाध्यक्ष खुद ईदगाह पहुंची। जहां उन्होंने सफाई कर्मियों को कार्य करते हुए देखा। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर, मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक से कहा कि साफ सफाई में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

# कुरआन में है हर मसअले का हल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला घेर तोगां स्थित शीशम वाली मस्जिद में शुक्रवार की देर रात कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। तरावीह के नमाज के दौरान हाफिज मोहम्मद अकदस ने डेढ़ पारा रोजाना सुनाया। सामां के फराइज अब्दुल्लाह खां ने अदा किए। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद अकदस साहब ने कुरआन मजीद की फजीलत से लोगों को रूबरू कराया।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। इस मौके पर हाफिज अकदस साहब ने कहा कि कुरआन मजीद अल्लाह की किताब है और कुरआन मजीद की तिलावत से अल्लाह की रहमत बरसती है। उन्होंने कहा कि कुरआन मजीद को एक किताब समझकर अपने घर में न रखें, बल्कि इस किताब को अपनी जिंदगी का मकसद बना लें और इसकी तिलावत करें। आखरी में मुल्को-कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई गई। इसके बाद तबर्रुक तकसीम किया गया।

इस मौके पर शाहिद अली खां जमाली, भूरा खां, निजाम खां, गालिब खां ठेकेदार, मुईन खां, गुलवेज खां, अली, अफजाल खां, इमरान खां, गुड्डू खां, अमान खां, जरीफ खां, शुऐब खां, अरशद अली खां, मुजीब खां समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।


मोहल्ला घेर तोगां में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर खिताब करते हाफिज।

**माह-ए-रमजान**

- कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद सजाई गईं
- मुल्क और कौम की तरक्की की दुआ कराई

## एक नजर

### रमजान माह के तीसरे जुमे को अदा की नमाज

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में रमजान के तीसरे जुमे को मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा की। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मोहल्ला सराय फारूख स्थित शिया सादात मस्जिद में मौलाना मो. अब्बास ने नमाज अदा कराई। इस दौरान मौलाना ने खुतबा देते हुए कहा कि रोजा रखने से इंसान गुनाहों से बचा रहता है। वही मौलाना ने शबे कद्र की फजीलत बयान की।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर भीमाठेर स्थित रेलवे लाइन के निकट कब्रिस्तान से शुक्रवार को पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मेराज पुत्र अबरार निवासी बिशनपुर भीमठेर बताया। जिसका पुलिस ने चालान कर दिया। चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने बताया कि युवक का चालान कर जेल भेज दिया गया है।

# गैरहाजिर रहे 113 पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सभी के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई के निर्देश
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर कार्मिकों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** राजकीय पॉलीटेक्निक (पुरुष) एवं राजकीय पॉलीटेक्निक (महिला) में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन 113 पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम गैरहाजिर रहे। 27 व 28 मार्च को प्रशिक्षण से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्नावली में अनुत्तीर्ण रहे 24 पीठासीन अधिकारियों में से 20 शुक्रवार को प्रशिक्षण में शामिल हुए।

शुक्रवार को लोकसभा चुनाव से संबंधित दिए गए प्रशिक्षण में दो दिन अनुपस्थित रहे कुल 214 पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 214 पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों के सापेक्ष 101 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में शामिल हुए। जबकि 113 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी शुक्रवार को प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अन्तर्गत विधिक करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और सभी कार्मिकों को गम्भीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## 2019 में समाजवादी पार्टी से मिली हार की टीस अब भी बरकरार

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के गृह जनपद में कमल खिलाने की बड़ी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के गृह जनपद मुरादाबाद में इस लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने की चुनौती पार्टी नेताओं के सामने है। 2019 में सपा से मिली हार की टीस अभी भी बरकरार है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हारी 14 सीटों में से एक मुरादाबाद भी शामिल है। जिस पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी जीत के लिए कई बार बैठकों में मंथन किया। इसके बाद टिकट घोषित किया गया।

इस बार के लोकसभा चुनाव में जहां सपा नेताओं की सारी मेहनत सीट बचाने की कसौटी पर परखी जा रही है तो भाजपा के लिए मुरादाबाद की सीट नाक की प्रतिष्ठा से जुड़ी है।

### लगातार चौथी बार चुनाव मैदान में हैं भाजपा प्रत्याशी

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी चौथी बार फिर मैदान में हैं। वह 2009 से लगातार इस सीट से प्रत्याशी रहे हैं। जिसमें 2014 में ही एक बार वह जीत हासिल कर पाए हैं। 2009 में कांग्रेस के मोहम्मद अजहरुद्दीन से चुनाव हारे सर्वेश सिंह ने 2014 में जीत दर्ज कर कमल खिला दिया था। लेकिन 2019 के चुनाव में वह सपा के प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से हार गए। यहां से सपा की साइकिल पर सवार होकर डॉ. हसन लोकसभा में पहुंच गए। ऐसे में चौथी बार जीत भाजपा प्रत्याशी के लिए बहुत अहम है। इस बार सपा की अंतरकलह का फायदा लेने में भाजपा के नेता जुटे हैं। लेकिन साथ में अपने घर को एकजुट रखकर परंपरागत मतों के अलावा मुस्लिम वोटरों को साधने की चुनौती भी कम नहीं है।

पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन 14 हारी सीटों को जीतने के लिए कई बार बैठकों में मंथन किया उसमें यह भी शामिल रही। ऐसे में पिछली हार का बदला इस बार जीत से लेने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। हर दांव जीत के लिए चला जा रहा है। टिकट न मिलने से नाराज चेहरों को बैठकों में मनाया जा रहा है तो नये मतदाताओं के साथ ही बुजुर्ग और आधी आबादी पर भी डोरे डाले जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में जिले की छह में से महज एक सीट पर मिली जीत भी भाजपा के लिए टेंशन बनी है। केवल नगर विधायक भाजपा के हैं बाकी सभी सीटें समाजवादी के पास हैं। इसलिए भाजपा को लोकसभा सीट जीतने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है।

### मुरादाबाद लोस सीट पर अब तक हुए चुनाव में जीते सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर्रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर्रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर्रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

# चुनाव के बैंक खाते से लेनदेन करें प्रत्याशी, खर्च का रखें विवरण

## वाहन, जनसभा की पूर्व अनुमति जरूरी, लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षकों ने प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक कराने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक कुमार राहुल, रंजन कुमार शर्मा, सतीश शितोले विश्वनाथ व संदीप गुहा ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कहा कि प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का पालन करें। खर्च संबंधी विवरण अपने पास रजिस्टर में दर्ज करें। वाहन, जनसभा, प्रचार सामग्री लगाने की पूर्व अनुमति लेनी जरूरी है। चुनाव खर्च के लिए खुलवाए गए बैंक खाते से ही लेनदेन करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्याशियों ने जो बैंक खातें चुनाव के लिए खुलवाए हैं उसी से सभी लेनदेन करने हैं। जो बैंक में जमा करेंगे और निकालेंगे उसका विवरण प्रत्याशी रजिस्टर में दर्ज करेंगे। समय-समय पर उसकी जांच करानी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन कर चुनाव के लिए खर्च करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी खर्चे के लिए एक अभिकर्ता भी नियुक्त कर सकते हैं। जो भी खर्च करें उसे प्रत्याशी को अपने चुनाव खर्च में दिखाना है। 4, 10 और 15 अप्रैल को सभी प्रत्याशियों को अपने खर्च संबंधी विवरण कोषागार में व्यय लेखा समिति के सामने प्रस्तुत करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निजी भवनों पर प्रचार-प्रसार की अनुमति भवन स्वामी की होनी चाहिए। किसी भी सरकारी भवन पर प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित है। जो भी पोस्टर छपवाएंगे उस पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम, पोस्टर की संख्या अवश्य अंकित करें। उन्होंने कहा कि सी-विजिल मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर लें। यदि कहीं पर आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो उसकी फोटो खींचकर भेज सकते हैं। यह ऐसा ऐप है कि फोटो लोकेशन सहित प्राप्त होगा और निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध, उप जिलाधिकारी कांठ के अलावा लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव के बारे में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### 57 स्टेटिक टीमें कर रहीं चुनाव की निगरानी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 57 स्टेटिक टीमें, 18 फ्लाइंग स्क्वायड टीमें क्रियाशील हैं। प्रत्याशी किसी की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल ऐप पर 48 घंटे पहले आवेदन करें। कोई भी जनसभा बिना अनुमति के नहीं करेंगे, जनसभा में कोई भी ऐसा वक्तव्य नहीं बोलेंगे, जिसमें किसी की भावना आहत हों। उन्होंने बताया कि आमजन भी सी-विजिल ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### सर्किट हाउस में कर सकते हैं प्रेक्षकों से मुलाकात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व सकुशल कराने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। यह सर्किट हाउस में रह रहे हैं। चुनाव के संबंध में किसी सुझाव या शिकायत के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा सर्किट हाउस में उनसे मिल सकते हैं। चुनाव के लिए नामित सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल (आईएएस 2000 बैच, पंजाब कैडर) मोबाइल नंबर 7599976544, पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा मो. नंबर 9956454796, व्यय प्रेक्षक मुरादाबाद शहर व ग्रामीण विधानसभा सतीश शितोले विश्वनाथ मोबाइल नंबर 7599910437 और व्यय प्रेक्षक विधानसभा ठाकुरद्वारा व बढ़ापुर संदीप गुहा मोबाइल नंबर 7599907056 दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में ठहरे हैं। चुनाव के संबंध में किसी समस्या, जानकारी व निराकरण के लिए मोबाइल नंबरों पर फोन करने के अलावा सर्किट हाउस में भेंट की जा सकती है।

### निर्वाचन कार्य में अधिकारी-कर्मचारी न बरतें शिथिलता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे गए प्रेक्षकों ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव के लिए नामित प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल ने अधिकारियों से कहा कि बिना किसी दबाव के चुनाव के दायित्वों को पूरा करें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए अन्यथा भारी पड़ेगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में शिथिलता न बरतें, पूरी लगन, निष्पक्षता, पारदर्शिता से चुनाव को सकुशल संपन्न कराएं। बैठक में मतदान, मतगणना कर्मियों की ड्यूटी, प्रशिक्षण से संबंधित, चुनाव व्यय से संबंधित, सी-विजिल, एएमएफ, मीडिया सेल, कंट्रोल रूम, यातायात, स्टेशनरी आदि मामले में अब तक हुई व्यवस्था के बारे में अधिकारियों ने प्रेक्षकों को जानकारी दी। बैठक में व्यय प्रेक्षक मुरादाबाद शहर व ग्रामीण विधानसभा सतीश शितोले विश्वनाथ, पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा, व्यय प्रेक्षक विधानसभा ठाकुरद्वारा व बढ़ापुर संदीप गुहा, जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाबचन्द, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह आदि की मौजूदगी रही।



उप निदेशक कृषि के कार्यालय में निर्वाचन सामग्री का निरीक्षण करते सीडीओ सुमित यादव।

# सीडीओ ने निरीक्षण कर परखी निर्वाचन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव भी निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने उप कृषि निदेशक के कार्यालय में तैयार हो रहे चुनाव के स्टेशनरी बैग का निरीक्षण किया। साथ कर्मचारियों को बैग में स्टेशनरी रखते हुए विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।

लोकसभा चुनाव के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में तैयार किए जा रहे स्टेशनरी के बैगों का मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने निरीक्षण किया। स्टेशनरी बैगों को तैयार कराने का कार्य रहे कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही न बरतने व ध्यानपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार स्टेशनरी सामग्री तथा फार्म आदि संरक्षित करते हुए बैगों को तैयार कराया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए।



**हाल-ए-बुध बाजार :** यह फोटो महानगर के सबसे व्यस्ततम मार्केट बुध बाजार की है। जहां कुछ लोगों ने बेतरतीब ढंग से अपने दोपहिया वाहनों को सड़क के बीचोबीच खड़ा कर रखा है। इन वाहनों की वजह से बुध बाजार में पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बाजार में पार्किंग न होने के कारण यह समस्या दिन भर रहती है। ● अमृत विचार

### बाइक से टकराकर पलटा ई-रिक्शा, तीन घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र में गुरुवार रात 10 बजे ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे के बाद ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए।

लाइनपार निवासी कैंटीन संचालक अमित अग्रवाल (40), एकता कालोनी निवासी अंजू शर्मा (30) पत्नी राजेंद्र शर्मा और एकता कालोनी के ही भूरा सिंह (50) समेत पांच लोग ई-रिक्शा में सवार होकर गुरुवार रात ट्रांसपोर्ट नगर से लाइनपार मंडी समिति की ओर आ रहे थे। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में सलेक्ट अस्पताल के पास पहुंचे तभी बाइक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार सभी लोग चोटिल हो गए। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस के माध्यम से घायल अमित, अंजू और भूरा सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल बुद्धि विहार में शुक्रवार को सत्र के अंत और नये सत्र के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केजीके कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील चौधरी और स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। एलकेजी की छात्रा नायरा ने ओम शांति ओम पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को मेडल, सर्टिफिकेट और उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया।



आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन-डे पर उपस्थित छात्र-छात्राएं व अतिथि। ● अमृत विचार

सृष्टि को मोस्ट कॉन्फिडेंट स्टूडेंट, नायरा को चियरफुल एवं सॉफ्ट स्पोकन के लिए, नर्सरी क्लास की छात्रा को बेस्ट कॉन्फिडेंट चाइल्ड होने का पुरस्कार मिला। प्री-नर्सरी में अर्थव अग्रवाल को चियरिस चाइल्ड तो वहीं विहान गौतम को पंक्चुअल चाइल्ड का ईनाम मिला। यूकेजी की छात्रा आश्वी सक्सेना सर्वाधिक पुरस्कार पाने वाली रही। डॉ. मंजू सिंह ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन यूकेजी के छात्र रिधव, आश्वी एवं क्रियांश ने किया। इस दौरान रुना रॉय, शालिनी अरोड़ा ,चेतना सभरवाल, इला अग्रवाल, अंकित, प्रिया, वर्षा, रेखा, कर्णिका, कबीर, विकास, राकेश एवं सविता रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** — कांशीराम नगर स्थित सेंट मीरा अकादमी में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण

# मेडल व प्रमाणपत्र देकर किया मेधावियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांशीराम नगर स्थित सेंट मीरा अकादमी में शुक्रवार को कक्षा 6- 9 तक और कक्षा 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। बेहतर अंक लाने वाले मेधावियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सरस्वती वंदना कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मोहनलाल आर्य शिक्षा संकाय अध्यक्ष आईएफटीएम, विद्यालय की शिक्षा निदेशिका अक्षरी प्रकाश, वित्त निदेशिका पर्णिका प्रकाश, प्रधानाचार्या पारुल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या श्वेता सेठी, सहायक उप प्रधानाचार्या डॉ. ऋचा अग्रवाल ने कहा कि जीवन में सफल होना अच्छा छात्र होने जैसा सरल है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपको अपनी दिनचर्या पर ध्यान देना होगा।

कड़ी मेहनत व सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को जीवन में सफलता मिल सकती है। शिक्षा निदेशिका अक्षरी प्रकाश ने कहा कि उनके संस्थान ने हमेशा अपने छात्रों को एक स्वस्थ और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धी वातावरण प्रदान किया है। इस अवसर पर शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विद्यालय की ओर से निशुल्क संचालित सांध्यकालीन नर्सरी से कक्षा 5 तक की कक्षाओं का भी परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रधानाचार्या और उप प्रधानाचार्या ने बाल विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन इरा रस्तोगी और सुलक्षित भारद्वाज ने किया।




सेंट मीरा अकादमी में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### यूपी बोर्ड की कापियों का पूर्ण हुआ मूल्यांकन कार्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर में 6 केंद्रों पर चल रहे यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार को पूर्ण हो गया। पांच केंद्रों पर तो गुरुवार को ही मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया था। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज केंद्र पर शुक्रवार को मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो गया। 15 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम घोषित करने की संभावना जताई जा रही है।

महानगर में मूल्यांकन के लिए बने छह केंद्रों को 5,99,473 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित की गई थीं। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में शुक्रवार को 122 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो गया। जबकि चित्रगुप्त इंटर कालेज, जीजी हिंदू इंटर कालेज, आरएन इंटर कालेज, पारकर इंटर कालेज व हैविट मुस्लिम इंटर कालेज केंद्र पर शत-प्रतिशत मूल्यांकन कार्य गुरुवार को ही पूरा हो गया था।

# दंपती ने बेटी के साथ मिल धोखाधड़ी कर राजमिस्त्री को विदेश भेजा, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** दंपती व उनकी बेटी ने राजमिस्त्री को धोखाधड़ी कर विदेश भेज दिया। जहां पहले बताया गया वेतन व सुविधा न मिलने पर पीड़ित ने वापस आकर शिकायत की तो आरोपी दंपती ने उसके साथ मारपीट की। डीआईजी के आदेश पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने दंपती व उनकी बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला सोनकपुर निवासी हसन अली ने डीआईजी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि सदर कोतवाली निवासी अनीस कुरैशी से उसकी जान-पहचान थी। इस बीच अनीस कुरैशी व उसकी पत्नी और बेटी ने हसन से कहा कि हम तुम्हारी नौकरी कुवैत में लगवा देंगे। जहां तुम्हें 60 हजार रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा और दो साल तक का वीजा रहेगा। जिसके लिए तुम्हें 1,15000 रुपए देंगे होंगे। जिस पर हसन ने जेवरात बेचकर गवाह इसरार हुसैन व आलम के सामने जनवरी 2021 में अनीस कुरैशी को दे दिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने अनीस कुरैशी से कहा कि वह उसके रुपये वापस कर दे। तब अनीस ने कहा कि कुवैत में तुम्हारी नौकरी नहीं लग सकती। इसलिए मैं तुम्हारी नौकरी किरगिस्तान (रूस) में लगवा रहा हूं। जिसके लिए तुम्हें 60,000 रुपये और देने होंगे। पीड़ित ने अनीस को पहले 50,000 व बाद में 10,000 रुपये गुगल पे माध्यम से दे दिए। बाद में हसन को अनीस कुरैशी व उसकी पत्नी तथा बेटी ने गुमराह व धोखाधड़ी करते हुए किरगिस्तान भेज दिया। हसन 15 सितंबर 2023 को किरगिस्तान चला गया। जहां पहुंचने पर उसे 15 दिन तक काम नहीं मिला। जिस दिन उसे काम पर लगाया गया, उस दिन उसे बताया गया कि तुम्हें 31,000 रुपये प्रतिमाह भारतीय मुद्रा में दिए जाएंगे। हसन ने अनीस से शिकायत की तो उसने कहा कि तुम काम करों वेतन बाद में बढ़वा देंगे। हसन ने 20 दिन काम किया जिसका वेतन कुल 8000 रुपये मिला। बाद में हसन वापस आ गया। अनीस से शिकायत की तो अनीस ने पीड़ित से मारपीट की व धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अनीस कुरैशी व उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रमजान के तीसरे जुमे पर नमाजियों से भरी मस्जिदें

## सुरक्षा के लिए मस्जिदों के बाहर पुलिस बल रहा तैनात, इमाम ने तकरीर कर रमजान माह का महत्व बताया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रमजान माह में जुमे की नमाज की अहमियत खास होती है। नगर स्थित सभी मस्जिदों में रमजान के तीसरे जुमे पर अकीदतमंदों ने अकीदत व एहतराम के साथ नमाज अदा की। इस मौके पर मस्जिद के इमामों के द्वारा तकरीर की गई।

शुक्रवार को नगर की जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमे की नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने से पहले तकरीर में रमजान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रमजान में दुनिया भर के मुसलमान पूरे महीने का रोजा रखते हैं। रोजा सिर्फ इबादत और अल्लाह को खुश करने का तरीका भर नहीं है, बल्कि यह इंसान को सही मायने में इंसानियत के ढांचे में ढाल देता है। रोजा एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने तथा मदद करने के लिए प्रेरित करता है। शहर इमाम ने कहा कि मुसलमानों को यह हुक्म है कि यदि इस महीने में अपने माल की जकात गरीबों में दोगे तो गरीब का भी पेट भर जाएगा और वह भूखा नहीं रहेगा। उन्होंने रमजान के आखिरी यानी तीसरे असरा की फजीलत बयान करते हुए कहा कि इन आखिर के दस दिनों में खूब तिलावते कलाम पाक और दुआ ए मगफिरत करनी चाहिए। जुमे की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मस्जिदों के बाहर तैनात रहा।


चौधरपुर में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

### रमजान माह की फजीलत बयान की

**चौधरपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित सभी मस्जिदों में रमजान के तीसरे जुमे पर रोजेदारों ने अकीदत व एहतराम के साथ नमाज अदा की। नूरानी मस्जिद के इमाम हाफिज अंबर रजा ने नमाज अदा करने से पहले तकरीर में रमजान माह की फजीलत बयान की। उन्होंने बताया कि रमजान में दुनिया भर के मुसलमान पूरे महीने का रोजा रखते हैं। रोजा एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने तथा मदद करने के लिए प्रेरित करता है। अल्लाह इस माह में एक नेकी करने के बदले 70 नेकी अता करता है।


हसनपुर में जामा मस्जिद में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

### एक नेकी के बदले मिलता है 70 नेकियों का सबाब

**बुरावली, अमृत विचार :** रमजान के तीसरे जुमे की नमाज न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र की मस्जिदों में अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआओं के लिए हजारों हाथ उठे। रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे को 18 रोजे पूरे होने पर नमाजियों में उत्साह देखा गया। बुरावली में आयशा मस्जिद में हाफिज सारिम ने नमाज अदा काराई, छोटी मस्जिद में मौलाना अरशद ने नमाज अदा कराई। हाफिज सारिम ने रमजान की फजीलत बयान की। मौलाना अरशद ने कहा कि मोमिन के लिए जुमे का दिन इलाही ने ईद की तरह बनाया है। रमजान में हर नेकी के बदले 70 नेकियों के बराबर सवाब मिलता है। जैसे-जैसे रोजे मुकम्मल हो रहे हैं। वैसे-वैसे क्षेत्र में ईद की तैयारियां जोर-शोर से चलने लगी हैं। बाजारों में लोग ईद की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में जुटे हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने जिले में किया 512 वाहनों का चालान

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने जिले में चेकिंग अभियान चलाकर 24 घंटे में 512 वाहनों के चालान किए। शुक्रवार को ट्रैफिक इंचार्ज धर्मेंद्र ने बताया कि अभियान के दौरान पूरे जिले में ट्रैफिक पुलिस ने 24 घंटे के अंदर 512 वाहनों के चालान किया। चार पहिया वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म को हटाया गया। ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि इसके अलावा वाहनों में मादक पदार्थ को भी चेक किया गया।

### किशोरी को ले जाने में आरोपियों पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को 26 मार्च को घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने तलाश की लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका था। बाद में परिजनों को पता चला कि किशोरी को एक युवक व उसका साथी अपने साथ बहलाकर कहीं ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर हसनपुर थाना क्षेत्र गांव दीपपुरा निवासी गोलू व उसके साथी राजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मारपीट के मामले में दोषी को पांच साल की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** लाठी-डंडे व सरिए से हमला कर युवक को पीटने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे पांच साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

घटना 22 सितंबर 2016 हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया खादर की है। गांव में किसान रमेश का परिवार रहता है। घटना वाले दिन गांव में रहने वाला जगपाल अपने घर के आगे रास्ते पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा रहा था। गांव के लोग विरोध कर रहे थे। जगपाल और परिजनों ने विरोध करने वाले लोगों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। रमेश के बेटे पुरुषोत्तम ने गाली-गलौज का विरोध किया तो जगपाल, डालचंद, प्रदीप उर्फ उमेश व मोनू ने लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर दिया। मामले में पुरुषोत्तम के पिता रमेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। मामले की सुनवाई जिला जज जफीर अहमद की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता महावीर सिंह ने पैरवी की थी। शुक्रवार को जगपाल को पांच साल जेल की सजा सुनाई और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, डालचंद, मोनू व प्रदीप उर्फ उमेश को छोड़ दिया।


दिल्ली में इंडिया गेट के पास मौजूद बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

# शिक्षकों ने कराया बच्चों को दिल्ली का भ्रमण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा खुर्द हसनपुर के समस्त स्टॉफ ने स्वयं के खर्चे पर कक्षा तीन, चार एवं पांच के 33 बच्चों को दिल्ली में शैक्षिक भ्रमण कराया। वहां बच्चों ने चिड़ियाघर, लालकिला, इंडिया गेट, लोटस टेम्पल आदि ऐतिहासिक धरोहर को देखा।

बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखने और समझने का मौका मिला। इस अवसर पर बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। शिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं, तो वह अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप में देखकर किसी भी विषयवस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। उनके भ्रम और मिथ्या धारणाएं दूर होती हैं। इसीलिए प्राथमिक विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने अभिभावकों की सहमति से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया और बच्चों को नई दिल्ली लेकर गए। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा खुर्द के प्रधानाध्यापक भूपेंद्र सिंह, अभिषेक त्रिवेदी, संजीव कुमार, राजीव कुमार, हरेंद्र सिंह, ममता मौजूद रहे।

### डीआरएम ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार को डीआरएम राजकुमार सिंह ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नए भवन का नक्शा भी देखा। साथ ही मानक के अनुसार कार्य करने के निर्देश भी दिए।

अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का कार्य चल रहा है। प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के अलावा लंबाई भी बढ़ाई जा रही है। अब रेलवे स्टेशन के पुराने भवन को तोड़ने का कार्य चल रहा है। शुक्रवार शाम डीआरएम टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तथा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मानक के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नक्शे के अनुसार ही सभी कार्य किए जाएंगे। लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने रेलवे स्टेशन के बनने वाले मुख्य द्वार के बारे में भी जानकारी की।

# अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बंसल और अन्य पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि सभा व समाज की उन्नति के लिए सबको साथ लेकर काम करेंगे।

शुक्रवार को बस्ती स्थित अग्रवाल भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आरंभ धनौरा के पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप जलाकर किया। इसके बाद गौरी शर्मा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। महाराजा अग्रसेन व लक्ष्मी देवी की आरती की और स्वागत गीत प्रस्तुत कर मन मोह लिया। कार्यकारिणी ने अतिथियों का स्वागत किया। चुनाव अधिकारी राजीव मित्तल ने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बंसल को शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद वीरेंद्र कुमार बंसल ने प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंघल, उप प्रबंधक विवेक बंसल, नितिन बंसल, अंकित अग्रवाल, महासचिव कपिल कुमार सिंघल, उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल, राजीव मित्तल, राजीव गोयल को शपथ ग्रहण कराई। नितिन कुमार सिंघल, अकेंद्र रस्तोगी, अमित अग्रवाल ने सचिव के रूप में शपथ ग्रहण की। कोषाध्यक्ष अनुज कुमार मित्तल, सह कोषाध्यक्ष राहुल गोयल, लेखा निरीक्षक नरेंद्र गोयल ने और सदस्य संजीव सिंघल, सचिन बंसल, मुकेश सिंघल, कमल बंसल, संजीव सिंघल शिवा, अर्जुन अग्रवाल, विपिन बंसल, शोभित गोयल, राजीव अग्रवाल, दीप अग्रवाल ने शपथ ली। जिसमें संयुक्त व्यापार संघ मेरठ के अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता और महामंत्री संजय जैन, दिल्ली के व्यापारी नेता मन मोहन, धनौरा पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बंसल को शपथ ग्रहण कराई। बंसल ने कहा कि वे और सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करते हुए आगे बढ़ेंगे।

सभा द्वारा कराए जाने वाले कार्यों का भी प्रारूप तैयार किया जायेगा। वहीं, महिला विंग की अध्यक्षा विनीता अग्रवाल ने प्रबंधक, उप प्रबंधक पूनम गोयल आदि समेत अन्य पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया।


अग्रवाल सभा के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### डीसीएम की टक्कर से बिजली का खंभा गिरा, आपूर्ति ठप

**गजरौला, अमृत विचार :** मोहल्ला आजादनगर में डीसीएम की टक्कर से बिजली का खंभा गिर गया।

शुक्रवार सुबह मोहल्ला आजाद नगर के पास अनियंत्रित डीसीएम ने बिजली के खंभे में टक्कर मार दी। जिससे 440 वोल्ट की लाइन टूट गई और मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। खंभा टूटकर बिजली के तारों के सहारे लटक गया। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। घटना की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर टूटे हुए खंभे को हटवाया और आपूर्ति को शुरू कराया। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया टूटे हुए बिजली पोल को हटाकर नया बिजली पोल लगा दिया गया है।

# स्थानांतरण के बाद नहीं बदली नेमप्लेट

संवाददाता, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** तहसील नौगांवा सादात के अधिकारियों की लापरवाही देखने को मिल रही है। तहसील नौगांवा सादात में उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार का स्थानांतरण दो फरवरी को अमरोहा तहसील हो गया और उनके स्थान पर नौगांवा सादात तहसील में उप जिला अधिकारी बृजपाल सिंह की तैनाती कर दी गई। उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह ने चार्ज संभाल लिया, लेकिन 29 मार्च तक भी कार्यालय से उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार का नाम नहीं हटा।

इसी प्रकार थाना नौगांवा सादात में भी 15 दिन पहले इंस्पेक्टर पंकज तोमर का स्थानांतरण डिडौली कोतवाली को हो गया। नौगांवा सादात में इंस्पेक्टर सुधीर कुमार की तैनाती कर दी गई। स्थानांतरण के तुरंत बाद ही पंकज तोमर ने डिडौली का चार्ज संभाल लिया और सुधीर कुमार ने नौगांवा सादात का चार्ज लिया, लेकिन यहां पर भी नेमप्लेट अब भी पंकज तोमर की लगी है। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवा सादात के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार का स्थानांतरण 30 दिसंबर 2023 को मैनपुरी के लिए हो गया। एक जनवरी 2024 को डॉ. प्रिंस मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चार्ज ग्रहण कर लिया। तीन माह बाद भी 29 मार्च तक सुरेंद्र कुमार के नाम की ही नेमप्लेट लगी हुई है। इसे अधिकारियों की लापरवाही ही कहा जाएगा। कार्यालय में समस्या लेकर आने वाले लोगों को भी दिक्कत होती है कि आखिर अधिकारी कौन है।





नौगांवा सादात में तहसील और थाना कार्यालय में लगी पुराने अधिकारियों की नेमप्लेट।

### फार्म हाउस व कोठरी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के कांकाठेर गांव निवासी मुकेश कुमार ओसीता जगदेपुर में स्थित फार्म हाउस की देखरेख करता है। मुकेश ने बताया कि 14 मार्च को फार्म हाउस से सोलर प्लेट, आठ बैटरी व इनवर्टर चोरी करके ले गए थे। 26 मार्च को फिर से गैस सिलेंडर, पंखे व सामान चोरी कर लिया था। वहीं अवंतिका नगर निवासी चेतन स्वरूप की काशीराम कालोनी के निकट स्थित खेत की कोठरी से भी 20 फरवरी को चोरों ने ताला तोड़कर आठ हजार रुपये, सब मर्सिबल, एल्टीनेटर चोरी कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कोठरी से चोरी में अज्ञात तथा फार्म हाउस पर हुई चोरी में कांकाठेर गांव निवासी सतवीर, नेपाल, हरीशचंद लोकेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किसानों ने किया स्वागत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी का गांव खाईखेड़ा में किसानों ने स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों का शोषण सहन नहीं किया जाएगा। जिले के किसी भी किसान को मेरी जब भी जरूरत पड़ेगी, तैयार रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग, तहसील व पुलिस थानों में किसानों का शोषण हो रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार किसानों से बार-बार चुनाव आने पर झूठे वादे करती हैं। उन्हें पूरा नहीं किया जाता। देश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को अपने घोषणा पत्र में कृषि क्षेत्र के लिए अलग से केंद्रीय बजट घोषित करना चाहिए। इस मौके पर जिला प्रभारी जगदेव सिंह, जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, मयंक चौधरी, पंचम सिंह, सुरेंद्र सिंह रहे।

RMCI BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*"राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

प्रार्थना सभा | चर्च में प्रार्थना कर मसीही समाज के लोगों ने प्रभु यीशु को नमन किया

# गुड फ्राइडे पर चर्च में प्रभु यीशु के सात वचनों को याद किया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** जग को मानवता, प्रेम, दया, करुणा और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को सूली पर लटकाए जाने की याद में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया। मसीही समुदाय के लोगों ने सामूहिक प्रार्थना सभा में उनको नमन किया। इस दौरान प्रभु यीशु के सात वचनों को याद किया। उनके मानवता-प्रेम के संदेशों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया था। नगर स्थित सेंट जोन्स चर्च में गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को विशेष प्रार्थना सभा हुई।

सेंट जोन्स चर्च के पादरी सुशील मसीह ने प्रभु के संदेशों के बारे में लोगों को बताया। साथ ही मानवता के लिए उनके बलिदान को याद किया।

इसी तरह यीशु दरबार में भी गुड फ्रइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा हुईं। इस अवसर पर प्रभु के सातों वचनों को याद किया। उन्होंने कहा कि वे मृत्यु के भय को त्यागकर प्रभु यीशु मसीह के बताए सत्य और शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग मौजूद रहे।


हसनपुर में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


रजबपुर में चर्च में प्रार्थना करते लोग। ● अमृत विचार

### गुड फ्राइडे पर हुई प्रार्थना सभा

**अमरोहा, अमृत विचार :** गुड फ्राइडे पर मेथोडिस्ट मिशन चर्च रजबपुर में प्रार्थना सभा हुई। जिसमें सातों वचनों का वर्णन किया। बाईबल के पाठ से प्रभु यीशु की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ग्लैडविन डिसूजा, संजय कौलिंस, बंटी जोसेफ, कपिल, डेनियल, सोनू कोलिंस, लकी, शशी, माग्रेट, सरिता, ममता, बिजेंद्र आनदियास आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो युवक तमंचा के साथ गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से पुलिस ने तमंचा बरामद किया है। युवक ने अपना नाम सुभाष निवासी दियौरा खास व दूसरे ने ताहिर खां निवासी कन्हैया नगला बताया।

### चोरी की एक जोड़ी पाजेब बरामद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने युवक को चोरी की एक जोड़ी पाजेब से साथ गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि चोरी का आरोपी अपने घर पर है। पुलिस गांव छाबड़ा पहुंची और आरोपी किशनवीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से चोरी की एक जोड़ी पाजेब बरामद की है।

### चोरी की खाद के साथ युवक गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की खाद के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली एक युवक ने चोरी की गई खाद के छह कट्टों को छिपा रखा है। सूचना मिलने पर पुलिस थाना असमोली के गांव बेला पहुंची और आरोपी युवक रिजवान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गांव के बाहर खंडहर पड़ी बिल्डिंग से चोरी की गई खाद के छह कट्टे बरामद किए। बताया जाता है कि पूर्व में गांव असालतपुर जारई के पास वेयर हाउस से चोरी की गई थी।

### पिता-पुत्र को घायल करने पर दो लोग गिरफ्तार

**जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रामनगर टप्पा वैश्य में खेत की रखवाली करने जा रहे नेकराम को लाठी डंडों से मारपीट कर और बेटे शिवराज को गोली मारकर घायल किया गया था। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने नामजद आरोपी रॉकी और अमित को गिरफ्तार कर लिया। अमित से तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# मानसिक मंदित युवती से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कठोर कारावास

## कोर्ट ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, 75 प्रतिशत राशि पीड़िता को दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



**अमृत विचार :** मानसिक रूप से कमजोर युवती से दुष्कर्म करने के दोषी वृद्ध को अदालत ने दस वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला 2021 में थाना बनियाठेर का है। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रेप केसेस एण्ड पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

पीड़िता के पिता ने सात जनवरी 2021 को थाना बनियाठेर पुलिस को तहरीर दी थी कि वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी 23 वर्षीय पुत्री मानसिक रुप से कमजोर है और बिना बताए घर से निकल जाती थी। मनीराम गुप्ता पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता निवासी मोहल्ल साहूकारा कस्बा नरौली थाना बनियाठेर ने उसकी पुत्री को चंद रुपयों का लालच देकर घर में बुला लिया और दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद पांच रुपये देकर ये कह दिया कि घर मत बताना। अगर बताया तो तेरे पापा तेरी पिटाई करेंगे। इस वजह से उसने घर कुछ नहीं बताया। कुछ दिनों बात सरकारी अस्पताल में जांच कराने पर रिपोर्ट में पता चला कि उसकी पुत्री 20 सप्ताह की गर्भवती है। पुत्री ने आरोपी का नाम मनीराम बताया। पुलिस ने 376(2) आईपीसी के तहत मनीराम गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद साक्ष्य जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं।

शुक्रवार को न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी मनीराम गुप्ता को धारा 376(2) आईपीसी में दस वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदण्ड की 75 प्रतिशत धनराशि पुर्नवास हेतु पीड़िता को दी जाएगी। जेल में बिताई अवधि भी सजा में समायोजित होगी।

### दुष्कर्म पीड़िता ने दिया था पुत्र को जन्म, बच्चे को नहीं मिल सका पिता का नाम, मदद की गुहार लगाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के कस्बा में मानसिक रुप से कमजोर युवती के साथ वृद्ध ने दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई थी। 15 मई 2021 को पीड़ित युवती ने बेटे को जन्म दिया। आरोपी को सजा सुनाए जाने के दौरान शुक्रवार को युवती अपने बेटे को साथ लेकर आयी थी। युवती के चाचा ने बताया कि बच्चा दो वर्ष 10 माह का हो गया है। अभी तक उसका नामकरण भी नहीं हुआ है। नामकरण के लिए पिता का नाम भी जरुरी है। ऐसे में उसके पालन पोषण को लेकर भी संकट है। क्योंकि बच्चे की मां मानसिक रुप से कमजोर है। बच्चे के पालन पोषण के लिए युवती के पिता ने समाज कल्याण विभाग से मदद की गुहार लगाई है।

▸▸ **थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली में 2021 का मामला**

### पत्नी, सास व साली के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने मुरादाबाद निवासी व्यक्ति की जहरीला पदार्थ देकर हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी, सास और साली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए पानी में जहरीला पदार्थ दे दिया था। मानपुर नारायणपुर निवासी मोहित बुधवार को नाराज पत्नी काजल को बुलाने सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुरा मढी में स्थित अपनी ससुराल आया था।

आरोप है कि ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए मोहित को पानी में मिलाकर जहरीला पदार्थ दे दिया था। जिसके बाद निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मोहित की मौत हो गई थी।

आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने देर शाम दिल्ली रोड मानसरोवर गेट पर शव रखकर जाम लगा दिया। शुक्रवार को मोहित के पिता जयवीर कोतवाली संभल पहुंचे। तहरीर देकर बेटे मोहित की हत्या का आरोप लगाकर पुत्रवधु काजल, उसकी मां पुष्पा व बहन कंचन पत्नी नीरज निवासी बरेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# जुमे की नमाज में मुल्क व कौम की तरक्की को उठे हजारों हाथ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** रमजान के तीसरे जुमे को मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ मस्जिदों में उमड़ी। संभल की जामा मस्जिद समेत दूसरे शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र के मस्जिदों में बड़ी तादाद में लोगों ने जुमे की नमाज अदा की।

लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए हाथ उठाकर दुआ मांगी। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने निर्धारित समय पर अपने-अपने क्षेत्र की मस्जिद का रुख किया। संभल की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

यहां लोगों ने नमाज अदा करते हुए मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। दूसरी मस्जिदों में भी लोगों ने नमाज अदा की। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, ओबरी, सरायतरीन, हयातनगर, पंवासा, सौंधन, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र की मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रमजान महीने में तीसरे जुमे को नमाज अदा करते हुए दुआ की। मस्जिदों के आसपास पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी।

सुरक्षा के माहौल में नमाज शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई।



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

▸▸ **सुरक्षा को लेकर तैनात रहा पुलिस बल**

### इंसान को इंसानियत के ढांचे में ढाल देता है रोजा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** रमजान महीने के तीसरे जुमे की नमाज कस्बे की तमाम मस्जिदों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। लोगों ने मुल्क व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पुलिस अलर्ट दिखी। जुमे की नमाज के मद्देनजर मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल मुस्तैद रहा। शुक्रवार को नगर की शखावत हुसैन मस्जिद में दोपहर एक बजे और लाल मस्जिद में डेढ़ बजे नमाज अदा की गई। दो बजे मुख्य जामा मस्जिद में मुफ्ती मुन्फिद कादरी ने जुमा की नमाज अदा कराई। नमाज से पहले मुफ्ती ने तकरीर में रमजान की खासियतों पर रोशनी डाली। कहा कि मुसलमानों को यह हुक्म दिया गया है कि यदि इस महीने में अपने माल की जकात गरीबों में देंगे तो गरीब का भी पेट भर जाएगा और वह भूखा नहीं रहेगा।

## सार-संक्षेप



गंगा देवी मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने बसौड़ा पूजन कर मांगी मन्नत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** होली के बाद पहले शुक्रवार को कैथल गेट स्थित श्री गंगा देवी मंदिर पर बसौड़ा पूजन हुआ। महिलाओं ने देवी की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर के बाहर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने मनपसंद खिलौने खरीदे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर पर बसौड़ा पूजन किया गया। बताते हैं कि होली के बाद पहले शुक्रवार को मंदिर पर बसौड़ा पूजन होता है। सुबह सात बजे ही मंदिर में पहुंचकर महिलाओं ने माता रानी की पूजा की। उन्हें प्रसाद के रूप में पुए चढ़ाए। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने बताया कि बसौड़ा पूजन पर महिलाएं माता रानी से अपने बच्चों की खुशहाली की प्रार्थना करती हैं। मंदिर के बाहर लगे मेले में महिलाओं ने चाट पकौड़ी का आनंद लिया तो बच्चों ने मन पसंद खिलौने खरीदे।

### बसौड़ा पूजन कर मांगी मनौती

**बबराला अमृत विचार :** होली के बाद शुक्रवार को बसौड़ा पूजन किया गया। चामुंडा मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी रही। गोवंश को खाना खिलाया गया। बसौड़ा पूजन कर बच्चों के निरोगी रहने व घर में खुशहाली की कामना शीतला माता से की गई। शुक्रवार को महिलाओं ने बसौड़ा पूजन के लिए घरों में पूरी, खीर आदि पकवान बनाए। सुबह से ही बसौड़ा पूजन के लिए महिलाओं का निकलना शुरू हो गया। हाथों में पूजा की थाली लिए महिला श्रद्धालु अपने बच्चों के साथ चामुंडा मंदिर पहुंचीं। चामुंडा मंदिर में महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर निरोगी जीवन के लिए मनौती मांगी।

### विश्व शांति के लिए मसीही समाज ने की प्रार्थना

**बहजोई, अमृत विचार :** डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च, बहजोई में चालीस दिन उपवास व रोज़ों के अंतिम दिन, प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने की याद में शुक्रवार को मसीही समुदाय ने गमगीन माहौल में गुड फ्राइडे का पर्व मनाया गया। गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च में चर्च के विकार डा. राहुल उठवाल ने सन्देश देते हुए कहा कि प्रभु य़ीशु का जीवन त्याग, तपस्या और परोपकार के लिए समर्पित था। उन्होंने पीड़ित मानवता के दुख-दर्द को समझा और उनकी सेवा की वह जरूरतमंद की मदद के लिए हमेशा आगे रहे। उनके जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा क्षमा थी। जिन लोगों ने उनको भयानक यातनाएं देकर सूली पर चढ़ाया था, उनके लिए प्रभु यीशु ने क्षमा की प्रार्थना की थी। इस दौरान पादरी प्रवीन उठवाल, पंकज, आकांक्षा, चुनमुन, रौशनी, खुशी, अंजली, कोमल, माही, आयुष, सारा, पूजा, शैली, अर्जुन, बेबी रोबिंसन आदि ने भाग लिया।



मैथो डिस्ट चर्च में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

### मैथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे पर की प्रार्थना

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ईसाई समाज ने गुड फ्राइडे को पवित्र शुक्रवार के रूप में मनाया। सुभाष रोड स्थित मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा के साथ यीशु मसीह के सात वचनों को दोहराया गया। सुभाष रोड स्थित मैथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे को मनाया गया। पादरी जॉन एलीशन ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज व जनता की भलाई के लिए यीशु मसीह ने अपनी जान दे दी थी। मगर इसके बाद वह तीन दिन बाद स्वत: जीवित हो गए थे। यीशु मसीह के सात वचनों को भी दोहराया गया। बताया कि उनके दिखाए रास्ते पर हम को चलना चाहिए। कभी भी किसी से भेदभाव व ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। सभी के साथ मिलकर व प्रेम से रहना चाहिए। इसके बाद समाज के युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आशुतोष सैमुअल, एलीशन, विशाल मेकडोनल, रुद्र, ड्रीमा, विक्रात, राखी, अभिषेक, मोनू, शोभना, जया मोहन, आदि मौजूद रहे।

### जायंट्स ग्रुप आफ जीवन ज्योति का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ जीवन ज्योति के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। सुधा चौधरी, पद्मा भार्गव, सीमा वर्मा, प्रिया टनाटन, कृष्ण अवतार, उमेश अग्रवाल संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा ने सभी सदस्यों और अध्यक्ष को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। संचालन डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर भावना, रूचि, ममता, कमलेश ठाकुर, कमलेश गुप्ता, डौली वार्ष्णेय, स्मिता, शीला, सुनीता, अंजना, निशा, मधु, रेनू, गीता, सविता का सहयोग रहा।

### मारपीट में महिला सहित तीन घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया। पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। अशोक नगर निवासी प्रीति पत्नी मुकेश कुमार ने थाने में दी तहरीर दी है कि 27 मार्च की शाम चार बजे पड़ोसी घर में घुस आए और आते ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की। महिला को बचाने आए पति व महिला की बहन रजनी पत्नी विनय प्रताप सिंह को भी पीटा। मारपीट में प्रीति, उसका पति व बहन समेत तीन लोग घायल हो गए। प्रीति की तहरीर पर पुलिस ने सुंदर, अरुण कुमार, बेबी व खुशी निवासी गण अशोक नगर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।





अधिष्ठापन समारोह में बोलतीं चेयरमैन लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

# जायंट्स ग्रुप के पदाधिकारी ने समाज सेवा का लिया संकल्प

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के अधिष्ठापन समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चंदौसी की चेयरमैन लता वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद अधिष्ठापन अधिकारी मीनू कमल वाष्र्णेय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय, सचिव आशा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष किरण शर्मा सहित सदस्यों को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का संकल्प दिलाया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि जायंट्स ग्रुप हमेशा ही सामाजिक के लिए जाना जाता है। सुधा चौधरी ने कहा कि महिलाएं हमेशा ही समाज में एक अपना अलग स्थान बनाकर चलती हैं। इस दौरान कोऑर्डिनेटर मधुपमा, प्रीति कठेरिया, डॉ. अनीता श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय, रूपम, राधा दिलेर, गीता रस्तोगी, नीलम वार्ष्णेय, दर्शन डीआर, ममता वार्ष्णेय, रजनी आदि रहीं।

# बूथ संरचना भाजपा की अहम कड़ी : जसवंत सैनी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा चन्दौसी चुनाव संचालन समिति की बैठक आजाद रोड पर हुई। जिसमें संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए मंथन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी का फूल माला व पटका पहना कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समिति के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने कार्य की जानकारी होना अति आवश्यक है। जिससे वह अपने कार्य को पूर्ण करके भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को विजयी बनाने का कार्य करेंगे। बूथ की संरचना भाजपा की अहम कड़ी है और हमें बूथ के प्रत्येक पन्ना प्रमुख से संपर्क करके बूथ के मतदाताओं से वोट करने की अपील करनी है। जिससे विधानसभा के सभी बूथों पर वोट प्रतिशतता बढ़ेगी।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि भाजपा की सरकार एक ऐसी सरकार है जो देश के किसी भी नागरिक से ऊंच-नीच की भावना नहीं रखती है। प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिये अनेक लाभकारी योजनाएं दी हैं। जो सीधे लाभार्थियों को प्राप्त हो रही हैं और देश विकास की ओर जा रहा है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि जिले की सभी विधानसभा इस बार संभल में कमल खिलाने के कार्य करेंगी। संचालन विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान, पंकज गुप्ता, सुभाष भटनागर, अनामिका यादव, सुगंधा सिंह, अंकुर अग्रवाल, लता वार्ष्णेय, राजेश शंकर राजू, ओमवीर सिंह खड़गवंशी, सुशील जाटव, बादल सैनी, मनोज दिवाकर, अभिनव शर्मा, डॉ. टीएस पाल, हर्षित गौड़, मनोज कठेरिया, आकाश अग्रवाल, सतीश अरोरा, इंदु रानी, राखी सिरोही, गिरीश रतन आदि उपस्थित रहे।



चुनाव समिति की बैठक में बोलते औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी। ● अमृत विचार

**बैठक**

▸▸ **भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए किया गया मंथन**

**गुणवत्ता पर सवाल** — कोलतार पिघलने पर बजरी उखड़ी, शहर में आधा दर्जन से अधिक सड़कें जर्जर

# आठ माह पहले बनी सड़क होलिका दहन से उखड़ी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शहर में कई स्थानों पर सड़कों की हालत जर्जर है। वहीं होलिका दहन के बाद गोशाला रोड की सड़क पर कोलतार पिघलने पर बजरी उखड़ गई है। यह सड़क आठ माह पहले नगर पालिका ने बनवाई थी।

शहर में आधा दर्जन से अधिक सड़कें जर्जर हैं। सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया हो गई है, मगर किसी कारण सड़क का निर्माण शुरू नहीं कराया गया है। अब आचार संहिता लगने पर निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जा सकता है।

वहीं गोशाला रोड पर संभल गेट से मौलागढ़ की पुलिया तक की सड़क होलिका दहन के बाद तीन स्थानों से उखड़ गई है। क्योंकि होलिका की लकड़ी जलने से कोलतार पिघलने से बजरी हट गई है। यातायात जारी रहने से सड़क और जर्जर होती जा रही है। लोगों का कहना है कि अन्य स्थानों पर भी सड़क पर होलिका दहन किया गया लेकिन उक्त सड़कें सही है।

लोगों का आरोप है कि सड़क में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई गई है। जिससे सड़क का कोलतार पिघल गया और बजरी बाहर आ गई।



गोशाला रोड पर उखड़ी सड़क।



नवनिर्मित सड़क में बना गड्ढा।

**बोले लोग**

▸▸ **अन्य स्थानों पर भी सड़क पर होलिका दहन किया गया लेकिन वह ठीक हैं**

" मामला संज्ञान नहीं है। जानकारी कराई जाए जा रही है। समय रहते जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। - **नीतू रानी, एसडीएम व ईओ, नगर पालिका**

### हादसे का कारण बन सकता है सड़क का गड्ढा

**चन्दौसी।** फव्वारा चौक से घंटाघर तक सड़क का निर्माण भी आठ माह पहले कराया गया था। सड़क निर्माण के बाद जलनिगम द्वारा कई जगह गड्ढे खोद कर पाइप लाइन मरम्मत का कार्य किया गया था। वहीं हुसैनी बाजार में एक गहरा गड्ढा है जो सड़क पर वाहन चालकों को नजर नहीं आता। गड्ढे में दुपहिया वाहन का पहिया आने से कभी भी हादसा हो सकता है।

### रंजिश में युवक को सरिया मार कर किया घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया बल्लू निवासी जबर सिंह पुत्र मलखान सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गुरुवार की सुबह वह घर में था। तभी गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते हाथों में डंडा, सरिया लेकर घर में घुस आए और सभी ने उसे डंडे व सरिया से जमकर पीटा। सरिया का एक वार आरोपियों ने सिर में किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि आरोपी जबर सिंह को जान से मारने में सफल नहीं हो सके और फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अखिलेश, पप्पू व नन्हे निवासी गांव नगलिया बल्लू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पिकअप चालक ने तोड़ा रेलवे फाटक का बूम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित रेलवे फाटक को बंद करते समय पिकअप गाड़ी ने बूम को टक्कर मार दी। जिससे रेलवे फाटक का बूम क्षतिग्रस्त हो गया। वैकल्पिक व्यवस्था कर ट्रेनों को गुजारा गया। गेट मैन ने घटना से कंट्रोल को जानकारी दी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बूम को दुरुस्त कर दिया गया। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया।

शुक्रवार की सुबह 10.45 बजे बाबूधाम मोतीहारी से आनंद विहार जाने वाली चंपारत एक्सप्रेस बरेली की ओर से आ रही थी। बदायूं रोड स्थित गांव भैतरी के पास स्थित रेलवे फाटक के गेट मैन ने जैसे ही बूम नीचे किया, तभी आईटीआई की ओर से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने बूम को टक्कर मार दी। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक तेजी के साथ वाहन दौड़ाता हुआ बदायूं दिशा की ओर भाग गया। घटना के बाद गेट मैन सुभाष चंद्र ने कंट्रोल रूम को सूचना दी।

कंट्रोल रूम ने स्टेशन मास्टर व आरपीएफ को सूचित किया। इसके बाद चंपारत एक्सप्रेस को वैकल्पिक व्यवस्था करके गुजारा गया। कुछ देर बाद पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त बूम को दुरुस्त करना शुरू कर दिया। इसके बाद बरेली से अलीगढ़ जाने वाली स्पेशल एक्सप्रेस, दिल्ली से पूर्णागिरि जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को भी वैकल्पिक व्यवस्था करके गुजारा गया।



चन्दौसी के बदायूं रोड स्थित रेलवे फाटक पर टूटा बूम ठीक करते रेलकर्मी।

▸▸ **गेट मैन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर ट्रेनों को गुजारा**

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

# हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्युनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

## प्रसंगवश

# गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन


उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।



ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।



हफीज किदवई
लेखक

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

# चुनौती बनता मानसिक अवसाद



सीमा अग्रवाल
मेरठ

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्लूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# निडर बनाता है प्रेम

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।/ हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था,पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है,अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

# गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुद्उआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोडु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर लोग पूंजीवादी उद्यमशीलता और पूंजीवादी मूल्यबोध की गिरफ्त में आ चुके हैं। इसने इनके अंदर की सांस्कृतिक भूख और उसे पूरा करने के भावबोध को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़

चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार
## किसका होगा मुंह मीठा


**मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट**




दिग्विजय सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्ड़ू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।




### संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

### 1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुनः परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

### 2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुनः जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

### जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

### अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

# भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

**मुरादाबाद की सियासत**

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

### मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

–आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

–सुनील आजाद
बसपा जिलाध्यक्ष

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

–डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष

# बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

**अमृत विचार।** महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

### पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमशः बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

# राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक


अशोक गहलोत।


सोनिया गांधी।


मल्लिकार्जुन खरगे।

**जयपुर, (भाषा)।** कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।



**बनाया माहौल** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। अमृत विचार

**अनदेखी** जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

# महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

**कानपुर।** लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

### कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर–बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

# आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**अमरावती, (भाषा)।** तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।

### एक नजर

**यूपी पुलिस ने 68 कुख्यात अपराधियों को दिलाई सजा**

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस के स्तर पर 2020 से 68 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनके मुकदमें में पैरवी लगातार की जा रही है। पुलिस ने विचाराधीन मुकदमों में विशेष पैरवी कराकर 54 अभियोगों में 25 चिन्हित अपराधियों व 44 सह अपराधियों (गैंग सदस्यों) को दोष सिद्ध कराया है। जिसमें दो को मृत्युदंड की सजा तथा अन्य अपराधियों को आजीवन कारावास और सश्रम कारावास जैसे दंड दिया है। जिन अपराधियों को सजा मिल चुकी है उनमें मुख्तार अंसारी (मृत) के अलावा विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सोहराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमित कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब, कुरैशी, बब्लू यादव, धर्मेंद्र कीर्तल, रणदीप भाटी, संजय सिंह, अनुपम दुबे, विक्रांत उर्फ विक्की और ऊधम सिंह जैसे अपराधी शामिल हैं।

# मुख्तार ने जिनकी हत्याएं कराई, उनके परिजन खुश

## ▶ अलका राय ने बेटे के साथ किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन, कहा- हम बहुत खुश हैं, बाबा की कृपा है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते स्व कृष्णानंद की पत्नी और पुत्र। अमृत विचार


मुख्तार की मौत की खबर मिलने के बाद बेटे विकास ने पिता मन्ना सिंह की फोटो पर पहली बार माला चढ़ाया, वहीं पत्नी के छलके आंसू।

**अमृत विचार :** मुख्तार अब नहीं है, उसकी मौत का एक-एक पल कितना दर्दनाक रहा होगा, कल्पना करना परिवार और समर्थकों को पीड़ा से भर देता है। लेकिन, मुख्तार की वजह से जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े, बच्चों से बाप का साया छिना, उनके लिए मुख्तार की मौत की खबर सुकून देने वाली रही।

19 साल पहले ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी किए गए भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय और बेटे पीयूष राय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मामले में भी मुख्तार बरी हो चुका था। अलका राय ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है। महाराज योगी जी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था, लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, उसका अंत हो गया। वहीं, पीयूष ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खुशी का दिन है और ये दिवाली से कम नहीं है। मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर, मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।

**▶▶ विकास ने पिता मन्ना की फोटो पर पहली बार चढ़ाया फूल-माला**

ऐसा ही माहौल मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह उर्फ अजय प्रकाश सिंह और उनकी हत्या के गवाह राम सिंह मौर्य और गनर की 2009 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना में भी बरी हुए मुख्तार की मौत को लेकर है। मन्ना सिंह के बेटे विकास सिंह ने पिता की फोटो पर पहली बार माला और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार वाले खुशी के आंसू रोए।

### प्रतिक्रिया


मुख्तार की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। - **मायावती** (बसपा प्रमुख)



किसी बंधक या क़ैदी की इस तरह मृत्यु हो जाना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह गैर क़ानूनी हैं। - **अखिलेश यादव** (सपा प्रमुख)


मुख्तार को जहर देने का आरोप पूरी तरह से निराधार है। कोई इसकी जांच कराना चाहे तो करा ले। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और उन्हें पूरी चिकित्सा सहायता दी गई लेकिन वह बच नहीं सके। - **राजनाथ सिंह** (रक्षा मंत्री)


इलाज के नाम पर प्रशासन ने ड्रामा ही किया है। दो दिन पहले भी इलाज के नाम पर खानापूरी कर पिता को जेल की तन्हाई में डाल दिया गया था। जहर देने का आरोप हमारी ओर से नहीं बल्कि पिता की ओर से ही लगाया गया था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। मुझे प्रशासन पर नहीं, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। -**उमर अंसारी** (पुत्र स्व. मुख्तार अंसारी)


मेडिकल जांच हो चुकी है, न्यायिक जांच होगी। आज कल 25-35 साल के लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है। जो भी हुआ है वो सच सामने आ जाएगा। सपा, कांग्रेस और बसपा बताए उन्हें कौन संरक्षण देता था, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। -**अनुराग ठाकुर** (केंद्रीय मंत्री)


लोग जो संदिग्ध हालात में मौत की बात कहते हैं, वो जांच का विषय है। जांच में सत्यता के आधार पर बयान करना चाहिए। आज के दिन विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट पर ही विश्वास किया जा सकता है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। - **संजय निषाद** (कैबिनेट मंत्री)


मुख्तार की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने न्यायालय में अर्जी देकर पहले ही जहर देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मौजूदा व्यवस्था में तो न जेल में कोई सुरक्षित, न पुलिस कस्टडी में और न अपने घर में। प्रशासनिक आतंक का माहौल पैदा करके लोगों को मुंह बंद रखने को विवश किया जा रहा है। -**रामगोपाल यादव** (सपा नेता)


सभी को मुख्तार की मौत से जुड़ी अफवाह से बचना चाहिए। मेरे डीजीपी रहते हुए भी मुख्तार को लेकर ऐसी मनगढ़ंत कहानियां बनाई जाती थीं। वो पहले भी बीमार रहता आया है। राज्य में इस समय शांति का माहौल है उसे किसी को भंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। -**ओपी सिंह** (पूर्व डीजीपी)

# मुख्तार की मौत के बाद शुरू हुई वोट बैंक की राजनीति

## सपा, बसपा व कांग्रेस मुसलमानों को साधने में जुटी, हिंदू वोट सहेज रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद वोट बैंक मजबूत करने के लिए सियासत भी तेज हो गई है। सबसे पहले सवालों की बौछार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुरू की, देखते ही देखते बसपा प्रमुख मायावती, कांग्रेस समेत तमाम दलों और नेताओं की ओर सरकार पर आरोप और जांच की मांग शुरू हो गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष ने जैसे ही मुसलमान वोट साधने की कवायद तेज की, भाजपा ने मुख्तार की जरायम की दुनिया गिनाने के साथ मारे गए लोगों की संवेदनाओं के जरिए हिंदू वोट बैंक सहेजना शुरू कर दिया है।

माफिया मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जुमा की नमाज की वजह से प्रदेश में हाई अलर्ट रहा। मुख्तार अंसारी की मौत ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव की तपिश तेज है। मुख्तार की मौत के सहारे विपक्षी दलों की कोशिश मुस्लिम वोटों के विश्वास को जीतना है, क्योंकि मुख्तार मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पूर्वांचल के कई जिलों में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में हैं।

अखिलेश यादव से लेकर मायावती तक मुस्लिम वोटों को सियासी संदेश देने के लिए ही मुख्तार की मौत पर सवाल खड़े कर सरकार को घेर रहे हैं। इसके बहाने यह बताने की कोशिश हो रही है कि मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं है बल्कि एक साजिश के तहत उसे मारा गया। ऐसा मुस्लिम समुदाय के लोग मान भी रहे हैं, जिसे समझते हुए विपक्षी दल सरकार को घेर रहे हैं।

सरकार ने न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्री और नेता मुख्तार की मौत को स्वाभाविक बताते हुए विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी से लेकर बड़े नेता विपक्ष के गढ़े जा रहे नैरेटिव को तोड़ने के बजाय खामोशी अख्तियार किए हैं। चुप रहते हुए बहुसंख्यकों को राजनीतिक मैसेज दिया जा रहा है। मगर सोशल मीडिया में खूब सियासी दांव-पेच चल रहे हैं।

### 19 साल जेल में रहते हुए मुख्तार ने लड़े तीन चुनाव


मुख्तार को सियासत विरासत में मिली है। उनके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान 1926-27 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर उस्मान मुख्तार उन के नाना थे। मुख्तार के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी कम्युनिस्ट नेता थे। इतना ही नहीं पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी मुख्तार के रिश्ते में चाचा लगते हैं। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने पिता की तरह कम्युनिस्ट पार्टी से सियासी पारी शुरू की थी, लेकिन मुख्तार ने बसपा के हाथी पर सवारी कर सियासत में कदम रखा। पहली बार 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी मऊ से जीत हासिल की। 19 साल से अलग-अलग जेल में रहते हुए आखिरी तीन चुनाव जीते। बाद में मऊ की विरासत बेटे को सौंप दी। पूर्वांचल की राजनीति में मुख्तार अंसारी का उतना ही असर है जितना कि बिहार की राजनीति में शहाबुद्दीन का हुआ करता था। 2005 में बिहार की सत्ता के बदलते ही शहाबुद्दीन के बुरे दिन शुरू हो गए थे, वैसे ही उप्र. में 2017 में सत्ता बदलते ही मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने लगा था।

### जहां दफन हैं कई पीढ़ियां, वहीं सुपुर्द-ए-खाक होगा मुख्तार

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के परिवार में अब तक जितने भी पूर्वजों का इंतकाल हुआ है, सभी को दफनाया गया है। मुख्तार को भी इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। विधायक मन्नू अंसारी ने शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंच कर साफ-सफाई कराई। वे फोन पर उस जगह के लिए सांसद अफजाल अंसारी से दिशा निर्देश ले रहे हैं, जहां मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

### ऊपर वाला जरूर बदला लेगा : सिबगतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह ने कहा कि रात में मुख्तार की हालत खराब होने की सूचना हम लोगों को मिली थी। वह अपने पतन का एहसास करते रहे। सबको बताते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह सब एक साजिश के तहत हो रहा था। मुख्तार के शरीर को आप देखेंगे, कोई नहीं कहेगा कोई बीमार इंसान पड़ा है। लगेगा कोई सो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कोई खड़ा न हो पाए, उसे पहले मिटा दो.. ये राजनीति हो रही है आजकल। अब कोई जेल में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला बदला जरूर लेगा।



**▶▶ माफिया को 'मुजाहिद' बताते थे समर्थक, देश-विदेश के मौलानाओं से था रिश्ता**

# वरिष्ठ अधिकारी रहे सतर्क, एडीजी लेते रहे अपडेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को पूरे यूपी में अलर्ट रहा। प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर और लखनऊ में पैरामिलेट्री फोर्स ने फ्लैगमार्च किया। मऊ, गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लागू कर दी गई। प्रदेश के लगभग सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई।

लखनऊ के चौक इलाके में आरएएफ की तैनाती रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह ही पुलिस तैनात कर दी गई थी।



> पूरे प्रदेश में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय थे। देर शाम तक किसी भी तरह की अनहोनी की कोई सूचना नहीं थी। जुमे की नमाज भी सकुशल संपन्न हुई।
> **- अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था**

**▶▶ कई जिलों में तैनात रही आरएएफ, मस्जिदों के आसपास पूरे दिन निगहबानी**

प्रयागराज में पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले धर्मगुरुओं से बातचीत कर शांति पूर्वक नमाज पढ़ाकर वापस घर भेजने का अनुरोध किया। यहां पूरे जोन जोन और कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया था। एडीजी भानु भास्कर ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए और लगातार पल-पल की अपडेट लेते रहे। आगरा में जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद के पास पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। कानपुर के बिरहाना रोड पर सुबह से ही पुलिस ने पैदल मार्च करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने गंदे पड़े सीसीटीवी को भी साफ कराया।

अलीगढ़ में आईजी रेंज शलभ माथुर स्वयं एसएसपी के साथ शहर का भ्रमण करते रहे। वाराणसी में पुलिस ने डीआईजी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। राजधानी लखनऊ में कमिश्नरेट पुलिस पूरे दिन सक्रिय रही जबकि मऊ, गाजीपुर और बांदा में जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार कानून व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाले रहे।

# रमजान में माफिया अतीक और मुख्तार का अंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रमजान के पाक महीने में दो बड़े माफियाओं का अंत हुआ। इसे कुदरत का न्याय कहें या कुछ और। पर, सच यही है कि दोनों का अंत रमजान माह में हुआ। 2023 के 22वें रोजा को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। इस साल 17वें रोजा को मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोनों माफियाओं की मौत में कई समानताएं भी हैं। दोनों की मौत जेल में बंद रहने के दौरान हुई। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 की तीन हमलावरों ने प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी। उस वक्त दोनों भाई पुलिस रिमांड में थे। उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल लाया गया था। मुख्तार अंसारी भी पिछले ढाई साल से बांदा जेल में बंद था। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। इलाज के बाद उसे बांदा जेल भेज दिया गया। गुरुवार को रमजान का 17वां रोजा था। इसी दिन दोपहर जेल में मुख्तार की तबियत बिगड़ी, जेल अस्पताल में उसका इलाज शुरू हुआ। देर शाम को हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई।

**▶▶ 2023 में 22वें रोजा को अतीक और अशरफ की हुई थी हत्या**

# मुन्ना बजरंगी की तरह मुझे मारने का हो रहा षड़यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा विधायक, पुलिस अधिकारियों पर लगाए आरोप**

**▶▶ सपा, बसपा और कांग्रेस ने व्यवस्था पर सवाल उठा सरकार को कठघरे में खड़ा किया**

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र चर्चा का विषय बन गया। मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को यह पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) को लिखा गया था। पत्र में मुख्तार ने जम्मू एंड कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा समर्थित एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा विधायक सुशील सिंह, एसटीएफ मुखिया अमिताभ यश और प्रमुख सचिव गृह पर जेल में मरवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

मुख्तार अंसारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा कि शासन ने प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी को जेल में ही गोली से मरवाया था। यही नहीं भाजपा सरकार ने कई लोगों को जेल में मरवा दिया। मुन्ना बजरंगी की तर्ज पर मुझे भी जेल में ही मारने की साजिश चल रही है। पत्र में मुख्तार ने लिखा था कि उक्त सभी लोग साजिशकर्ता हैं। सरकार के निर्देश पर मुझे मारने की साजिश चल रही है। अतः मेरी प्राणरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

वायरल पत्र को विपक्ष के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर कर मुख्तार की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने सरकार से सवाल पूछे और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

### राजनीति

## बसपा-भाजपा गठबंधन में पहली बार विधायक बने मुख्तार पर चढ़ा था सत्ता का नशा

# मुख्तार को डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का रहा हाथ

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी को माफिया डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का हाथ रहा है। अब योगी आदित्यनाथ ने दबंग और माफियाओं के प्रति सत्ता का रुख पूरी तरह बदल दिया , वरना एक दौर वह भी था, जब भाजपा के समर्थन से बनी मायावती सरकार में पहली बार बसपा विधायक बने मुख्तार अंसारी पर सत्ता का नशा का चढ़ा था। तब विहिप नेता नंद किशोर रुगंटा का अपहरण करके उनके शव को टुकड़ों में काटकर उसने ऐसा गायब किया था कि आज तक पता नहीं चला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय को गोली से उड़ा दिया। ऐसे तमाम जरायम का हिसाब लेने वाली ऐसी सरकारें नहीं थीं। पुलिस तो उसके आगे-पीछे घूमा करती थी।

बनती-बिगड़ती सरकारों में मुख्तार की तूती कभी कम नहीं हुई। योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री न होते तो, आज भी मुख्तार पर लगाम कसना बहुत कठिन होता। हालांकि शुरुआत में मुख्तार के आपराधिक कृत्यों से परिवार हमेशा खफा रहा। इसीलिए उसके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत बड़े भाई अफजाल अंसारी की लताड़ से शुरू हुई थी। लेकिन गाजीपुर से लेकर मऊ, वाराणसी, जौनपुर और सोनभद्र, लखनऊ, गोरखपुर या यूं कहें कि पूरा प्रदेश और बाद में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मप्र, बिहार आदि राज्यों तक उसका काली कमाई पर राज चलने लगा था। विरोध करने वालों को उसके शूटर कहीं भी निपटाने में देर नहीं करते थे।

कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर विहिप नेता रूंगटा की हत्या और ब्रजेश सिंह से कोयला-शराब, टैक्सी स्टैंड, मछली आदि कारोबार को लेकर दुश्मनी से वह खुद को मुसलमानों के बीच मुजाहिद की छवि पेश करने लगा। मुख्तार की एक जिद शुरू से अंत तक रही कि जो कोई भी उसके कमाई में रोड़ा बनेगा, चाहे वह कितना ही खास हो, मौत जरूर मिलेगी। कृष्णानंद राय के बाद ठेकेदार मन्ना, उनके मुनीब राम सिंह मौर्य रहे हों, या उसके पहले कि अनगिनत हत्याओं के पीछे एक जैसी कहानी है। इनमें कुछ तो ऐसे थे जिनके यहां मुख्तार पारिवारिक जुड़ा था।

**भाई ने सुधारने के लिए मऊ से चुनाव लड़वाया :** मुख्तार को सुधारने के लिए ही उसके बड़े अफजाल नें बसपा सुप्रीमो मायावती से बात करके मऊ से विधायक नसीम खान का टिकट कटवाकर उसे चुनाव लड़वाया। सांसद अफजाल अंसारी अक्सर मुख्तार के सामने इस बात को दोहराते थे कि जबसे वह जवान हुआ, आए दिन मारपीट की शिकायतों से परिवार परेशान रहता था। मेरे फाटक की इज्जत दादा मुख्तार अंसारी और नाना ब्रिगेडियर उस्मान से होती थी। पुलिस की हिम्मत नहीं होती थी कि सैल्यूट मारने के अलावा कभी किसी को पकड़ने यहां आए। वे कई बार खुद के जेल में बंद होने के पीछे मुख्तार को वजह मानते थे और समझाते भी थे। जबकि मुख्तार अंसारी को खुद के जेल में रहने से ज्यादा कष्ट तब महसूस करता था, जब अफजाल सलाखों के पीछे बंद होते थे।



**▶▶ योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री न बनते तो माफिया डॉन पर लगाम कसना होता बहुत कठिन**

### राजनीतिक आकाओं ने हमेशा दिया संरक्षण

मुख्तार को राजनीतिक दलों के सरंक्षण पर बात होगी तो, भाजपा समेत सभी दलों का नाम आएगा। उसे सत्ता दल का नशा भाजपा-बसपा गठबंधन सरकार में ही पहली बार मिला था। वह 1996 में पहली बार विधायक बना था बसपा-कांग्रेस गठबंधन से। बाद में उसने भाजपा सरकार को निर्दल विधायक रहते भी समर्थन का पत्र दिया था। एक दौर ऐसा आया कि बड़े भाई अफजाल सपा की राजनीति में और मुख्तार बसपा की राजनीति में दोनों का सत्ता सुख भोग रहे थे। एक दौर वह भी था जब पांच बार के विधायक रहे मुख्तार ने कौमी एकता दल बनाकर सपा-बसपा दोनों को पूरे पूर्वांचल में एक भी सीट न जीतने देने के लिए ललकारा था। लेकिन सत्ता संभालने वाले तमाम बड़े नेताओं का मुख्तार को संरक्षण था, वह उनके साथ उठता-बैठता और जरूरत पर मदद करता था।

# मुख्तार के काफिले से उड़ गया डर नाम का पंछी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**▶▶ कोयला व्यवसायी की हत्या कर मुख्तार ने अपराध की दुनिया में कमाया था नाम**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था मुख्तार अंसारी, लेकिन वह अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहता था। गिरफ्तारी के बाद पेशी या दूसरी जेल ले जाते समय पुलिस की सुरक्षा के साथ मुख्तार के साथियों की गाड़ियां भी दौड़ती थीं। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार ने अपने लिए एम्बुलेंस खरीद ली थी। बाराबंकी परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निजी एम्बुलेंस मुख़्तार को लाती ले जाती थी। मुख्तार ने अपनी सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रखे थे।

कोयला व्यवसायी नन्द किशोर रूंगटा का अपहरण कर रंगदारी वसूलने के बावजूद हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अपराध की दुनिया का मुख्तार बड़ा नाम बनकर उभरे। मुख्तार ऐसे पहले माफिया विधायक थे जिनकी जेल में समानांतर सरकार चलती थी। जेल में दरबार सजाने वाले मुख़्तार से मिलने क्षेत्र के 50 से ज्यादा लोग रोज आते थे। मुख्तार सबकी समस्याएं सुनकर किसी के लिए चिट्ठी लिखते थे तो किसी के लिए अधिकारी से फोन करते थे।

जेल में उसके लिए घर जैसी सुविधाएं की जाती थी। लखनऊ की जिला जेल में तो उसके लिए बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था। टीवी के लिए जेल के बाहर से केबिल कनेक्शन कोरेंटाइन बैरक तक लगाया गया था। एक डीआईजी मुख्तार के साथ जेल में काजू और कोल्डड्रिंक की दावत करते थे। इस मुद्दे पर जेल अधीक्षक और डीआईजी के बीच कहासुनी भी हुई थी। जेल अधीक्षक ने डीआईजी की शासन से लिखित शिकायत की थी। शायद यह पहला और आखिरी मौका रहा हो कि जेल अधीक्षक ने जेल में डीआईजी की इंट्री बंद करा दी थी। मुख्तार को खाने का बड़ा शौक था इसलिए रोजाना शहर के कई होटलों से खाना आता था। करीब 50 लोगों के लिए रोजाना खाना और पानी की बोतलें जेल पहुंचाई जाती थीं। जेल के सभी अधिकारी जानते थे कि विधायक जी का खाना आया है।

मुख्तार बहुत धीरे बोलता था, हर किसी से मुस्कुराकर बात करता था। भईया संबोधन उसकी जबान पर रहता था। कोई भी मदद मांगता तो वह हाजिर रहता। जेल अधीक्षक आरके तिवारी की राजभवन के पास हुई हत्या के बाद मुख़्तार ने न किसी पर वारदात में शामिल होने की आशंका जताई और न जांच अधिकारियों की कोई मदद की। इस घटना ने साफ़ कर दिया था कि भले ही मुख्तार कितना ही मददगार रहा हो लेकिन विश्वसनीय नहीं था। आरके तिवारी जैसे जांबाज जेल अधिकारी की हत्या के बाद लखनऊ जेल के कैदियों ने थालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। मुख्तार ने इस मामले के खुलासे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जबकि वह तिवारी को भईया ही कहा करते थे।

लखनऊ जेल में छापे में मिली मुख्तार अंसारी की डायरी पुलिस अधीक्षक ट्रांसगोमती अपने साथ ले गए थे। इस डायरी में दर्ज नम्बरों पर फोन मिलाकर पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की थी। कई लोगों को बगैर लिखापढ़ी के कई दिन तक हिरासत में रखा गया था। जानकारी होने पर मुख्तार ने एसपी को फोन कर कहा था कि नई डायरी में आपका और आपके परिवार का नाम भी लिख लिया है।

## नीति आयोग करेगा भूजल और आपूर्ति की मानीटरिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीति आयोग प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति को भी शामिल कर पोर्टल से विवरण लिया गया है। जो अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा।

नीति आयोग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के तहत महत्वाकांक्षी जिलों के आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें अन्य विभागों की योजनाओं के साथ नमामि गंगे के तहत भूगर्भ जल स्तर व ग्रामीण जलापूर्ति के हर घर जल कनेक्शन शामिल हैं। केंद्र के पोर्टल, डैशबोर्ड व बेवसाइट से ऑनलाइन विवरण प्राप्त करेगा और प्रगति का अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा। इससे प्रगति का पता चलने के साथ बेहतरी आएगी। शासन ने संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द प्राथमिकता से कार्य कराने के निर्देश दिए। इससे आगे किसी तरह की समस्या नहीं आएगी और अनुश्रवण से सुधार आएगा।

# एडेड और राजकीय कॉलेजों के शिक्षकों का होगा समायोजन

## नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में दूर हो जायेगी शिक्षकों की कमी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी के राजकीय और एडेड इंटर कॉलेजों में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में सुधर जायेगा। इसके लिए सभी कॉलेजों का ब्योरा माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जुटाया जा रहा है। कई विद्यालयों का ब्योरा मिल भी गया बाकी जो छूटे हैं उनके संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद शिक्षकों का समायोजन शुरू हो जायेगा।



- विभाग ने माना शिक्षकों की लापरवाही से एडेड कॉलेजों में घट गई छात्र संख्या

प्रदेश भर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से 2,363 राजकीय और 4,512 एडेड कॉलेजों का संचालन हो रहा है। इसमें काफी संख्या में ऐसे कॉलेज हैं जहां शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सही नहीं है। ऐसे में विभाग प्रयास है कि कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सुधारा जाये। अधिकारी बताते हैं कि समायोजन की स्थिति भी शिक्षकों की लापरवाही से आई है शिक्षक कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर ही नहीं देते हैं। काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां बच्चों की संख्या नाम मात्र है।

**अलंकार योजना के मानक में फेल हैं कॉलेज :** राज्य सरकार ने एडेड कॉलेजों की दशा को सुधारने के लिए अलंकार योजना शुरूआत की है। इस योजना में कॉलेजों की ओर से भाग लेने की जो छात्र संख्या का निर्धारित है उसमें ये पूरी तरह से फेल हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कॉलेजों का विकास के लिए 75 प्रतिशत बजट सरकार देगी जबकि 25 प्रतिशत बजट विद्यालय प्रबंधन खुद अपनी ओर से लगायेंगे लेकिन इसमें छात्र संख्या का मानक आड़े आ रहा है।

### नहीं चलेगा जुगाड़ और न मिलेगा विकल्प

एडेड और राजकीय कॉलेजों में शिक्षकों के समायोजन को लेकर जो शासनादेश है उसके क्रम में शिक्षकों को मनचाहा स्कूल मिलना आसान नहीं होगा। राजधानी में काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां पर बच्चों की संख्या 100 से 300 के बीच भी नहीं है। इसमें दिगंबर जैन और लखनऊ इंटर कॉलेज इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी :** फेसबुक और इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर युवकों से दोस्ती करने के बाद उनसे वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-58 पुलिस ने शुक्रवार को एक युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 हजार 500 रुपये की नकदी और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों ने अब तक 30 लोगों के साथ इस प्रकार की ठगी करने की बात स्वीकार की है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम मनीष मिश्र ने बताया कि बुलंदशहर के सलेमपुर निवासी अभिषेक शर्मा गिरोह का सरगना है और गाजियाबाद के खोड़ा का फिरोज, दिल्ली के कल्याणपुरी का शशिपाल तथा न्यू अशोकनगर की शिवानी गिरोह की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर-58 पुलिस ने गुरुवार शाम गिरोह की महिला सदस्य सहित ठगों को गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्तार की मौत के बाद आजम की जेल का अफसरों ने किया निरीक्षण

संवाददाता,सीतापुर

**अमृत विचार:** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिला कारागार में बंद आजम खां की बैरक सहित जेल का जिला जज सहित डीएम-एसपी ने औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने आजम खां की बैरक सहित अन्य बंदियों की बैरिक की सघन जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिलने पर जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जिला कारागार में शुक्रवार की शाम अचानक जिला जज मनोज कुमार तृतीय सहित सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा पुलिस बल के साथ अचानक जिला कारागार पहुंचे। जेल में दाखिल होने के बाद अफसरों ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां सहित अन्य बंदियों की तलाशी ली। पुरुष बैरिकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने महिला बंदियों से वार्ता कर जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरो को कोई भी संदिग्ध वस्तु न मिलने पर वापस रवाना हो गये।



निरीक्षण के बाद जेल से बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा आदि।

जेल सूत्रों की माने तो बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ने पर मौत के बाद जिला जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां का अफसरों ने हाल जाना है। इस दौरान आजम को मिलने वाले जेल मैनुअल का भी अफसरों ने बारीकी से निरीक्षण कर आजम के स्वास्थय की भी जानकारी असफरों ने ली है। हालांकि जेल के निकलने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे अफसर गाड़ियों में बैठकर रवाना हो गये।

## उप्र. धर्मांतरण अधिनियम वैवाहिक प्रकृति वाले रिश्तों के लिए आवश्यक

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम न केवल विवाह के उद्देश्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह विवाह की प्रकृति के सभी रिश्तों में भी आवश्यक है, इसलिए विवाह या लिव-इन रिलेशनशिप की प्रकृति में संबंध पर धर्मांतरण अधिनियम लागू होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। उन्होंने अपने आदेश में आगे कहा कि जोड़े ने उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत किसी भी धर्मांतरण के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं किया। मालूम हो कि वर्ष 2021 में उपरोक्त अधिनियम ने अंतर धार्मिक जोड़ों के लिए इसके प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन करना अनिवार्य कर दिया है। वर्तमान मामले में याचियों ने धर्म परिवर्तन के लिए आवेदन नहीं किया।

# महंत का टुकड़ों में कटा शव बोरे में मिला

संवाददाता,सीतापुर

**अमृत विचार :** मिश्रिख़ कोतवाली इलाके में 4 दिनों से लापता एक बुजुर्ग महंत का शव टुकड़ों में बोरे के अंदर बंद झाड़ियों किनारे मिला। बोरे में अंदर टुकड़ों में मिले शव की पहचान परिजनो ने लापता महंत मनिरामदास के रूप में की। पुलिस ने शिनाख्त कार्यवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पहुंची एफएसल टीम ने भी साक्ष्य जुटाये। महंत के पास मौजूद फ़ोन भी घटनास्थल से बरामद नहीं हुआ है। परिजन गुमशुदगी के बाद मिले शव को लेकर पुलिस की सक्रियता पर भी सवालियां निशान खड़े कर रहे है।



- हरदोई से परिक्रमा मेले में आये थे महंत मनिरामदास

हरदोई जनपद के थाना बेनीगंज के ग्राम गिरधरपुर निवासी महंत मनिरामदास नैमिषारण्य से शुरू हुई 84 कोषीय परिक्रमा में परिक्रमा में शामिल हुए थे। मृतक के भतीजे टाई पुत्र आत्माराम ने बताया कि उसके चाचा से अंतिम बार 24 मार्च को फ़ोन पर बात के दौरान पंचकोशीय परिक्रमा कर घर वापस आने की बात कही थी। बावजूद इसके 26 मार्च तक घर न पहुंचने पर भतीजे ने महंत के फोन पर सम्पर्क किया तो महंत का फ़ोन बंद आने पर काफी खोजबीन के बाद उसने मिश्रिख़ कोतवाली में महंत की गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले से इतिश्री कर ली। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम सिधौली-मिश्रिख़ रोड किनारे 200 मीटर दूर झाड़ियों में एक बोरे के अंदर कुछ पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस हरकत में आई तो मौके पर पहुंचकर बोरे को खोला तो बोरे के अंदर हाथ और पैर सहित शरीर के अन्य अंग को काटकर बाबा को सड़क किनारे फेंका गया था। सूचना पर पहुंचे पुलिस के उच्चाधिकारी और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित कर छानबीन शुरू कर दी। स्थानीय लोगो के मुताबिक शव 3-4 दिन पुराना बताया जा रहा है। मौके पर खून के दाग न मिलने से घटना कई अन्य पहलुओं की ओर इशारा कर रही है।

### क्या बोले जिम्मेदार

सीओ मिश्रिख़ राजेश कुमार यादव ने बताया कि बाबा का टुकड़ो के शव को काटकर बोरे में भरकर सड़क किनारे फेंका गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हरदोई में जमीन का विवाद और बाबा द्वारा तंत्र मंत्र की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने कई पहलुओं पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व महानिदेशक सीआईएसएफ मंजरी जरुहर सम्मानित



मंजरी जरूहर को सम्मानित करते डीजीपी।

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सीआईएसएफ की विशेष महानिदेशक रही मंजरी जरुहर (सेवानिवृत्त) का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। महानिदेशक ने कहा कि महिलाओं के लिए प्रकाश स्तंभ मंजरी जरुहर का स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में अनुकरणीय नेतृत्व प्रदर्शित किया है। जरुहर जी सरलता और नेतृत्व की एक उल्लेखनीय यात्रा का प्रमाण हैं।

# परिवार को आश्रयहीनता से बचाने का एक ठोस उपाय है भरण-पोषण कानून

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- भरण पोषण के मामले में हाईकोर्ट ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण पोषण से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि एक सक्षम युवा से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी पत्नी और बच्चे का उचित रूप से भरण पोषण करें। उसके द्वारा दिया गया यह तर्क स्वीकार्य नहीं हो सकता है कि वह इतना कमाने की स्थिति में नहीं है कि पारिवारिक मानक के अनुसार अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आश्रित पत्नियों और बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भरण पोषण कानून सामाजिक न्याय के एक उपाय के रूप में अधिनियमित किया गया है, जिससे उन्हें गरीबी और आश्रयहीनता से बचाया जा सके।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) ने पुनरीक्षणकर्ता राणा प्रताप सिंह की याचिका खारिज करते हुए की। पुनरीक्षणकर्ता ने प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, गोरखपुर द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पत्नी को 15 हजार रुपए और बच्चों को पांच-पांच हजार रुपए प्रतिमाह देने का आदेश दिया था। पुनरीक्षणकर्ता ने तर्क दिया कि उसकी मासिक आय लगभग 65000 है। कोर्ट ने कहा कि आयकर के रूप में केवल अनिवार्य वैधानिक कटौती को सकल वेतन से कम किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### पदोन्नति को एकत्र होंगे पीएसी, सशस्त्र पुलिस कर्मी

**लखनऊ, अमृत विचार :** सिविल पुलिस के सापेक्ष सशस्त्र पुलिस और पीएसी में प्रोन्नति की विषमताओं के निराकरण को लेकर आज शनिवार को बर्लिंग्टन चौराहा स्थित ओसीआर भवन में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सशस्त्र पुलिस और पीएसी से जुड़े कार्मिक शामिल होंगे। कार्मिकों की ओर से प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि मुख्यमंत्री के बार-बार आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ही सिविल पुलिस के सापेक्ष पीएसी और सशस्त्र पुलिस में चल रही पदोन्नति की भारी विषमताएं बनी हुई हैं।

### अस्थाई राम मंदिर रहे स्थल पर बनेगी श्रीराम यज्ञशाला

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर के विकास का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत परिसर के मुख्य द्वार के पास बने अस्थाई राम मंदिर पर अब श्रीराम यज्ञशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसका काम जून तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडप और यज्ञशाला का निर्माण किया जाना है। इसको लेकर तैयारियां जा रही है। रामनवमी का आयोजन होने के बाद यह कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। अस्थाई स्ट्रक्चर को जल्द ही समाप्त कर वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

## सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ब्रजेश पाठक ने सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़कर आए की नेताओं को दिलाई सदस्यता

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हैं। 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सभी को सहभागी बनना है।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह, कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) आदि ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी जी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहीं।

# श्रद्धालुओं के लिए भक्ति पथ पर बिछे चटाई

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को हनुमानगढ़ी परिसर में प्रबंधन से जुड़े संतों और पुलिस अधिकारीयों की पंचायत हुई। इसमें श्रद्धालुओं की राह में आ रही दिक्क्तों पर चर्चा हुई। मंदिर प्रबंधन की ओर से बदले हालात में किये जा रहे अतिरिक्त इंतजाम की जानकारी दी गई। संयुक्त रूप से तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी हुआ और भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संतों ने एक सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। ऐसा न होने पर बड़ी पंचायत के आयोजन की चेतावनी दी गई है।

पंचायत में मौजूद संतों का कहना था कि रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में श्रद्धालुओं का आगमन कई गुना बढ़ा है। श्रद्धालु पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन करते हैं और फिर रामलला का दर्शन करने के लिए जाते हैं। गर्मी और तपिश बढ़ गई है। मंदिर प्रबंधन की ओर से परिसर में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया गया।



हनुमानगढ़ी में आयोजित पंचायत में मौजूद संत और पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

डॉ. महेश दास व संजय दास ने कहा कि भक्तों को सुरक्षित और सुचारु दर्शन की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी है। गर्मी और तपिश के बावजूद श्रृंगारहाट से लेकर हनुमानगढ़ी तक न तो धूप से बचाव का कोई उपाय किया गया है और न ही पेयजल की कोई व्यवस्था है। मंदिर प्रबंधन की ओर से मार्ग पर शेड लगवाने, सड़क पर चटाई बिछवाने, जगह-जगह जल प्याऊ की व्यवस्था और चिकित्सक युक्त एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की गई है। एक सप्ताह में सुविधाओं की उपलब्धता न होने पर बड़ी पंचायत का एलान किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि समस्याएं नगर निगम के संज्ञान में है। कार्ययोजना पर कार्रवाई चल रही है, जल्द ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवा दी जाएंगीं।

## वर्ग पहेली-24

**बाएं से दाएं**

2.1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।

4.1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण

5.1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।

6. सुपाड़ी, पुंगीफल।

8.1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।

9.1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।


**ऊपर से नीचे**

1.1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।

3.1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।

5. वह जो नल लगाता

7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।




### वर्ग पहेली -23 का हल




## सुडोकू -103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

### सुडोकू -102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

**वृष** – आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

**कर्क** – आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

**सिंह** – आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

**कन्या** – आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

**तुला** – आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।


**धनु** – आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

**मकर** – आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

एक और एक ग्यारह
सुबह : 11.17

धड़कन
रात : 07.00

सीक्रेट सुपरस्टार
सुबह : 10.51

बुलंदी
शाम : 05.01

ब्राइटबर्न
सुबह : 11.42

वेनम
रात : 07.30

बच्चन पांडे
सुबह : 08.40

सिंबा
रात : 08.20

हिडिंभा
सुबह : 10.51

रथथम
शाम : 04.18

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक -बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 67,400 |
| चांदी आभूषण | 75,400 |

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1175 डीएमओ 890।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये

**मलका :** 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये

**मूंग धोआ :** 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये

**चना देसी :** 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये **राजमा चित्ता :** 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

# 40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

## 2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख



और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

## एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता



है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**

स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

## जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

**नयी दिल्ली।** जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधान फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

# फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई ) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

# यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

**नयी दिल्ली।** भारत ने जी–20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग– वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

### बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

**जींद।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### शिवराज पाटिल की पुत्रवधू शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकूरकर शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी। डॉ. अर्चना पाटिल चाकूरकर ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। अर्चना ने कहा कि उन्होंने सोमवार को शिवराज पाटिल के करीबी सहयोगी और राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज मुरुमकर के साथ भाजपा में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी बेटी की शादी के कारण योजना स्थगित कर दी।

# ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

## आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-



बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''



हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

# चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

# जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

# अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

# केजरीवाल की पत्नी ने समर्थन के लिए वॉट्सएप अभियान आशीर्वाद किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का



आग्रह किया। उन्होंने दो वॉट्सएप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना। सुनीता ने कहा, यदि कोई किसी तरह का संदेश भेजना चाहता है तो वे भेज सकते हैं। आपने अरविंद को अपना भाई, बेटा कहा है। क्या आप समर्थन नहीं देंगे? मुझे विश्वास है कि हम मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे।

सुनीता ने कहा, सभी को अपने भाई, अपने बेटे अरविंद के लिए कुछ लिखना चाहिए और दिए गए वॉट्सएप नंबरों का प्रचार भी करना चाहिए। दिए गए नंबरों पर संदेश भेजने पर सुनीता केजरीवाल की ओर से जवाब आता है, केजरीवाल के लिए आपका संदेश मिला। इसके लिए हृदय से आभार। मैं आपके संदेश उन तक पहुंचाऊंगी और आपको सूचित करूंगी।

## कांग्रेस ने नौवीं सूची जारी की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पांच उम्मीदवारों की नौवीं सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी का है, जिन्हें भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। सूची में राजस्थान के दो लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदले गए हैं। भीलवाड़ा में दामोदर गुर्जर के स्थान पर सीपी जोशी और राजसमंद में सुदर्शन रावत की जगह दामोदर गुर्जर को टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, कर्नाटक के बेल्लारी से ई. तुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को टिकट दिया गया है।

# भारत–यूक्रेन पारंपरिक मित्र, लेकिन और भी बहुत कुछ किया जा सकता है

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत और यूक्रेन को 'दो बड़े मित्र राष्ट्र' करार दिया और कहा कि उनकी अपने भारतीय समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर ''निष्पक्ष तथा समग्र'' बातचीत हुई। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच सहयोग को रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष से पहले के स्तर पर बहाल करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुलेबा से शुक्रवार को यहां हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। यूक्रेन के



विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा की भारत यात्रा दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच हो रही है। कुलेबा भारत की दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे थे। बैठक में अपने संबोधन में कुलेबा ने कहा कि भारत और यूक्रेन ''पारंपरिक मित्र रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि हम न केवल हमारे राष्ट्रों के हित में बल्कि वैश्विक विकास और सुरक्षा परिदृश्य में भी और बहुत कुछ कर सकते हैं और हमें करना चाहिए।'' उन्होंने कहा,'' हम यूक्रेन में रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण करने से पहले जो हमारे बीच मौजूद था उसे दोबारा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं...। हम सहयोग के नए क्षेत्रों और परियोजनाओं पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मेरा मानना है कि इस संबंध का एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य भी है।''

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

# पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से
- पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज

**अमृत विचारः** आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

### आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

**लखनऊ सुपरजायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**

## खेल डायरी

### बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

### आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

### अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल श्रृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह श्रृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

### मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे

**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

### फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी


**पेरिस।** फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

### पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

**मुंबई।** भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।

# कोहली का अर्धशतक बेकार आरसीबी की 7 विकेट से हार

## केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने 50 और सुनील नारायण ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए




वेंकटेश अय्यर

बेंगलुरू, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

**बेंगलोर 182/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 | 59 | 4/4 |
| फाफ डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 | 21 | 4/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 | 19 | 3/1 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 | 04 | 0/0 |
| अनुज रावत का सॉल्ट बो हर्षित | 03 | 03 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 | 08 | 0/3 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

**कोलकाता 186/3** — 16 .5 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 | 10 | 2/2 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 | 22 | 2/5 |
| वेंकटेश अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 | 30 | 3/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 | 24 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2 .5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1

# सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूव शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।



एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ।

## अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला।

# चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।



एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23 जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं।



## बॉलीवुड हलचल

# 'बिग बॉस 17' फेम फिरोजा खान यानी खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"



# कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

# सलमान खान के कहने पर कैटरीना कैफ ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

**मुंबई, एजेंसी।** कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# ...उम्मीद है कि भारत में सभी के अधिकार सुरक्षित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका-जर्मनी के बाद अब यूएन की टिप्पणी



भारत समेत कई अन्य देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के एक प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो।

महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे आगामी आम चुनावों से पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के मद्देनजर भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था। डुजारिक ने कहा, 'हमें बहुत उम्मीद है कि भारत में, जैसा कि चुनाव वाले किसी भी देश में होता है, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा।' संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जब्त करने पर इसी तरह के सवाल पर अमेरिका द्वारा भी प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, बुधवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया गया था। इसके कुछ घंटों बाद, वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी राजनयिक को दिल्ली में तलब किए जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

## जापानः हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत 114 अस्पताल में भर्ती

**टोक्यो।** जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है। कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। जापान स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि और मौतें हो सकतीं हैं।

# गिफ्ट किए शेयर की वैल्यू देने वाले की आय में जुड़ेगी

*बदलते समय के साथ लोगों का निवेश का तरीका बदला है। लोग अब ज्यादा रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। बढ़ी जागरुकता का ही असर है कि लोग अब गिफ्ट में अपने प्रिय जनों को शेयर भी देने लग गए हैं। संभव है कि आपने भी अपने पार्टनर या परिवार के किसी सदस्य को गिफ्ट में शेयर दिया हो, या फिर ऐसा करने की तैयारी कर रहे हों। तो आइए जानते हैं कि गिफ्ट में शेयर देने के मामले में टैक्स के नियम किस तरह से लागू होते हैं...*



### म्यूचुअल फंड गिफ्ट

म्यूचुअल फंड्स गिफ्ट में देना मुश्किल है। पर आप म्यूचुअल फंड्स की यूनिट खरीदने के लिए पैसा नाबालिग के खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। बता दें, इस तरह जब बच्चे 18 साल के हो जाते हैं तो प्रत्येक बच्चे को निधि का अपना हिस्सा प्राप्त होता है। इसकी खास बात है कि आप किसी भी समय अपने निवेश के विकल्प को बदल सकते हैं।

### 50 हजार तक के गिफ्ट पर टैक्स नहीं



शेयर गिफ्ट में मिलने पर अपने ब्रोकर के पास फॉर्म भरकर परिवार के सदस्य या दोस्त समेत किसी को भी शेयर गिफ्ट कर सकते हैं। यदि गिफ्ट जीवनसाथी, बहू या नाबालिग को दिया जाता है, तो उन शेयरों से हुई आय गिफ्ट करने वाले की इनकम में जुड़ेगी। यदि गिफ्ट किसी रिश्तेदार से मिला है, तो इस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। लेकिन यदि शेयर या ईटीएफ किसी गैर- रिश्तेदार से गिफ्ट में मिले है और एक वित्त वर्ष में इसकी मार्केट वैल्यू 50 हजार रुपये से ज्यादा है, तो गिफ्ट का पूरा मूल्य टैक्सेबल होगा।

● एफडी गिफ्ट में मिलने पर एफडी किसी को भी गिफ्ट में दी जा सकती है। लेकिन नाबालिग सीधे तौर पर इसके मालिक नहीं हो सकते। नाबालिग के अभिभावक उसके वयस्क होने तक एफडी मैनेज करते हैं। इस मामले में रिश्तेदारों में गिफ्ट देने वाले व्यक्ति के जीवनसाथी, भाई-बहन, जीवनसाथी के भाई- बहन, माता-पिता के भाई-बहन शामिल हैं। यदि आप अपने एफडी अकाउंट से रिश्तेदार के नाम पर पैसा ट्रांसफर करते हैं, तो इस पर देने वाले और पाने वाले पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। लेकिन एफडी से प्राप्त व्याज गिफ्ट देने वाले की टैक्सेबल इनकम में टैक्स लगेगा।

### इस तरह से होगा कैलकुलेशन

टैक्स होल्डिंग समय के हिसाब से लगता है। अगर लिस्टेड शेयर को खरीद तारीख से 12 महीने से कम रखकर बेचा गया है तो मुनाफे पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एसटीसीजी) देना पड़ेगा। 12 महीने के बाद बेचने पर मुनाफे को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। एक लाख रुपये से ज्यादा के मुनाफा पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा। दोनों मामलों में सेस और सरचार्ज भी देना होगा। अनलिस्टेड शेयर के मामले में 24 महीने से कम में बेचने पर मुनाफे को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन, जबकि 24 महीने रखकर बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है।

## एक नजर

### आत्मघाती हमले की जांच के लिए पाकिस्तान पहुंचे चीनी जांचकर्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले की जाचं के लिए चीनी टीम शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंच गई है। पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी थी, जिससे पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। सरकारी बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने चीनी दूतावास में जांचकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें अब तक की जांच के बारे में जानकारी दी। चीन के जांचकर्ताओं की यह यात्रा पाकिस्तान के अधिकारियों द्वारा हमले की अपनी जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों को चीनी दूतावास के साथ साझा करने के दो दिन बाद हो रही है।

### न्यायिक मामलों में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: काजी फैज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि न्यायाधीशों के मामलों और न्यायिक कामकाज में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान की सरकार ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के कामकाज में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप मामले में आरोपों की जांच की घोषणा की है। ये आरोप इस्लामाबाद हाईकोर्ट के छह न्यायाधीशों ने एक पत्र लिखकर लगाए हैं। इसे लेकर पीएम शहबाज और मुख्य न्यायाधीश ईसा के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक भी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बीएसएफ ने अमृतसर से पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन बरामद की

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तनी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान वहीं एक अन्य घटना में एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद की है।

### रूस का यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर 99 ड्रोन, मिसाइलों से हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर बड़े पैमाने पर किए गए हमले में 99 ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि देशभर में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है, 10 अलग-अलग क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। 60 शहीद ड्रोन और विभिन्न प्रकार के 39 मिसाइल से देशभर में हमले किये गए, जिनमें से 58 ड्रोन और 26 मिसाइल को मार गिराया गया। यूक्रेन के सरकारी ग्रिड संचालक ने कहा ऊर्जा संयत्रों सहित बुनियादी ढांचे को जानबूझ कर निशाना बनाया गया।

# अप्रशिक्षित हाथों में एआई नहीं आना चाहिए, इसके दुरुपयोग का खतरा

## पीएम मोदी और बिल गेट्स की बातचीत का वीडियो रिलीज, कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा करते माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो शुक्रवार को रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआई जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसके एआई का गलत इस्तेमाल हो सकता है। पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे के पुनर्चक्रण की भारत की संस्कृति के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है।

### पीएम मोदी बोले- भारत युवाओं को नए विचारों से प्रोत्साहित करता है

पीएम मोदी ने बिल गेट्स से कहा कि देश नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विकास कर रहा है और युवा पीढ़ी को नवीन विचारों के साथ योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बजट में 1 लाख करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड का प्रावधान किया है। युवा पीढ़ी को अपने नए विचारों में योगदान देने के लिए एक कोष भी स्थापित किया है। जिससे युवाओं को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलता है।

## भारत की परमाणु घड़ी तय करेगी कंप्यूटर स्मार्टफोन पर समय

**बेंगलुरु।** भारत अपने समय में कोई बदलाव किए बिना घरेलू कंप्यूटरों और स्मार्टफोन को देसी रूबिडियम परमाणु घड़ी के साथ जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह घड़ी हमारे कंप्यूटर और स्मार्टफोन पर समय निर्धारित करेगी। इसके साथ ही, भारत ऐसा करने वाले चार अन्य देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा।

वर्तमान में इंटरनेट पर भारतीय सिस्टम अमेरिका स्थित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल से जुड़े होते हैं। यही पूरे कंप्यूटर नेटवर्क पर समय को निर्धारित करता है। इस परमाणु घड़ी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है। इसका पहली बार इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) या नाविक में किया गया था। कारगिल युद्ध के दौरान अमेरिका ने जब भारत में जीपीएस पहुंच देने से इनकार किया था, उसके बाद रूबिडियम परमाणु घड़ी को बनाया गया था। 2013 से 2023 के बीच लॉन्च नौ नाविक उपग्रह में आयातित परमाणु घड़ी का इस्तेमाल किया गया था। स्वदेश निर्मित घड़ी का इस्तेमाल पहली बार मई, 2023 में 10वें और नवीनतम संस्करण में किया गया था।

# द. अफ्रीका में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी, 45 की मौत



खाई में गिरने के बाद जलकर खाक हुई श्रद्धालुओं से भरी बस।

केपटाउन, एजेंसी

● भीषण सड़क हादसे में राहत-बचाव कार्य जारी, एक बच्चा जीवित बचा

दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को ईस्टर उत्सव के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गई और उसमें आग लग गई जिससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल आठ साल का एक बच्चा जीवित बचा है जिसका उपचार किया जा रहा है। उसे गंभीर चोट आई है।

लिम्पोपो प्रांतीय सरकार ने बताया कि तलाश अभियान जारी है लेकिन कई शव इतने बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है और वे अभी बस में ही फंसे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि उनका मानना है कि बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी जो मशहूर ईस्टर तीर्थस्थल है। उनके मुताबिक ऐसा लगता है कि बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई।

राष्ट्रीय परिवहन विभाग ने बताया कि परिवहन मंत्री सिंडिसिवे चिकुंगा एक सड़क सुरक्षा अभियान के लिए लिम्पोपो प्रांत में मौजूद थीं और उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है तथा उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ईस्टर की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के खतरे से अक्सर आगाह करती रहती है।

### हिमस्खलन की चेतावनी...



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने घाटी के चार जिलों के ऊपरी हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है। कश्मीर के कुपवाड़ा, बंदीपोरा, गांदरबल और बारामूला की 2400 मीटर से ऊंची चोटियों पर हिमस्खलन होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है। घाटी में कुछ ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इसे देखते हुए की चेतावनी जारी की है। ● एजेंसी

## अमेरिका नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके बदल रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 27 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब अमेरिकी सरकार नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके को बदल रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से सटीक जनगणना में मदद मिलेगी। अमेरिका के प्रबंधन और बजट कार्यालय द्वारा गुरुवार को नस्ल और जातीयता के लिए न्यूनतम श्रेणियों में संशोधन की घोषणा की गई है।

यह प्रयास अमेरिका के लोगों को एक समान दर्जा देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव हो सकता है। इसके अलावा इसका मकसद यह है कि अलग अलग समाजों में रह रहे लोग संघीय सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में खुद को देख सकें।

# जम्मू में गहरी खाई में गिरी एसयूवी, 10 की मौत

बनिहाल/जम्मू, एजेंसी



जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे के बाद मौजूद बचावकर्मी।

जम्मू संभाग के जिले रामबन में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू की ओर आ रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई।

अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घरोटा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान चल रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रामबन सड़क हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। एक शोक संदेश में उपराज्यपाल ने कहा, सड़क दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख लगा, जिसमें बहुमूल्य जानें चली गईं।

### पीएम ने की दो-दो लाख की सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

विज्ञान | एरीज के डॉ. सुवेन्दु रक्षित समेत दुनिया कई वैज्ञानिकों की बड़ी सामूहिक खोज

# सूपर मैसिव ब्लैकहोल की हिचकियों का खुलासा

नैनीताल कार्यालय



हिचकियां लेते सूपर मैसिव ब्लैकहोल की तस्वीर।

**अमृत विचार :** पृथ्वी से लगभग 80 करोड़ प्रकाश-वर्ष दूर खगोलविदों ने सूपर मैसिव ब्लैकहोल के हिचकी लेते रहस्य का पर्दाफाश किया है। यह खोज ब्लैकहोलों में अब तक अनदेखे व्यवहार पर प्रकाश डालती है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज ) के खगोलविद डा सुवेन्दु रक्षित का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि आकाशगंगा के केंद्र में महाविशाल ब्लैकहोल में हिचकियों के समान व्यवहार देखा गया था। यह हिचकियां हर 8.5 दिनों के अन्तराल में गैस उत्सर्जन के आवधिक विस्फोट के रूप में प्रकट होती देखी गई। 2020 से यह आकाशगंगा बेहद शांत थी। बाद में अप्रत्याशित बदलाव ने इस रहस्य से पर्दा हटाने के लिए विज्ञानियों को मजबूर किया। यह खोज पारंपरिक समझ को चुनौती देती है। खोज के मुख्य विज्ञानी कावली इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के डॉ. धीरज पाशम के अनुसार ब्लैक होल के बारे में हमारी जानकारी आज भी पूरी नही है। यह घटना एक तारे के महाविशाल ब्लैक होल के करीब आने से हुई।

जिसमें प्रचंड गुरुत्वाकर्षण ने तारे के टुकड़े कर दिए। यह ज्वारीय व्यवधान घटना होती है। जिसमें ब्लैक होल की डिस्क को उज्ज्वल कर दिया। इस घटना में चार महीनों तक महाविशाल ब्लैक होल तारे के मलबे को खाता रहा। यह खोज ऑटोमेटेड सर्वे फॉर सुपरनोवा (असास-एसएन) रोबोटिक दूरबीनों के नेटवर्क के अलावा नासा के न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कंपोज़िशन एक्सप्लोरर (नाइसर) दूरबीन की मदद से हुई।

### कई तारे मौजूद हैं इसके चारों ओर



डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि इस खोज से पता चलता है कि इसकी डिस्क में ब्लैक होल समेत तारे भी शामिल हैं। एक छोटा ब्लैक होल केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा है, जो समय-समय पर सूपरमैसिव ब्लैक होल की गैस की डिस्क को बाधित करता है। जिस कारण एक गैस का गुबार उत्पन्न होता है।

# 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी

● बीआरओ ने दी जानकारी, पहली बार गुफा तक मोटर रोड़, 5जी नेटवर्क जैसी सुविधा मिलेगी

श्रीनगर, एजेंसी



पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है, जो 52 दिन (19 अगस्त) चलेगी। पिछली बार 1 जुलाई से 60 दिन तक चली थी। इस बार बर्फबारी देर से हुई और अब तक जारी है। गुफा क्षेत्र में 10 फीट से ज्यादा बर्फ है। यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल से गुफा तक 2 से 10 फीट बर्फ में दबे हैं।

इसलिए इसके जून तक पिघलने के आसार कम हैं। ऐसे में सैनिक मार्ग को हर मौसम के हिसाब से तैयार कर रहे हैं। पहली बार दोनों मार्ग पूरी तरह 5जी फाइबर नेटवर्क से लैस होंगे। बर्फ पिघलते ही 10 मोबाइल टावर लगेंगे। 24 घंटे बिजली के लिए ज्यादातर खंभे लग चुके हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने रिपोर्ट जारी कर बताया है कि, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी मार्ग 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। ये मोटरेबल रोड है। हालांकि अभी सिर्फ बीआरओ सेना की गाड़ियों को ही अनुमति है। इमरजेंसी में इसी का इस्तेमाल होगा। पिछली बार दोनों मार्गों पर करीब 60 हजार जवान तैनात थे। बीआरओ के अनुसार, इस बार लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में तैनात होने वाली अर्द्धसैनिक बलों की सभी 635 कंपनियों को वोटिंग के बाद यात्रा में तैनात किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना रहे हैं। पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा मार्ग 3 से 4 फीट तो बालटाल वाला रूट 2 फीट ही चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया गया है। बर्फ हटाने के बाद रूट दुरुस्त किया जाएगा। पिछले बार 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार आंकड़ा 6 लाख तक जा सकता है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं। यात्रा के रजिस्ट्रेशन मई से शुरू होंगे। पूरे 52 दिन यात्रा का लाइव टेलीकास्ट होगा, इसलिए फाइबर लाइन डाल रहे हैं, ताकि कनेक्टिविटी न बिगड़े।

## विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे पूर्व राष्ट्रपतिः मुइज्जू

**माले।** मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैन्य ड्रोन की खरीद मामले में मुइज्जू को विपक्षी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने उन्हें सलाह दी थी कि उन्हें अपनी जिद छोड़कर भारत जैसे पड़ोसियों से संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए।

पलटवार करते हुए मुइज्जू ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष 'एक विदेशी राजदूत' के आदेश पर काम करते थे। मुइज्जू ने इब्राहिम सोलिह पर आरोप लगाने के बाद किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह टिप्पणी पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम) के साथ इंटरव्यू के दौरान की है। बता दें कि संसदीय चुनावों से पहले मुख्य विपक्षी-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने अगल-अलग मुद्दों पर मुइज्जू पर हमले तेज कर दिए हैं।